दैनिक
नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 173 | सीकर, रविवार 23 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

राहुल बोले- महिलाओं के खिलाफ 3 तरह से हिंसा

पहली- पैदा होते ही हत्या, **दूसरी-** शारीरिक अत्याचार, **तीसरी-** आर्थिक बंदिशें

पुणे।

राहुल गांधी ने शनिवार को 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में कहा- देश की लड़कियों का आजाद होना जरूरी है। पिता, पति और बेटे से आपका रिश्ता है, लेकिन आपकी पहचान उनसे नहीं है। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति कहती है लड़की पिता, पति, बच्चों की संपत्ति है। यह शर्मनाक, महिलाओं को आजाद होना चाहिए। वे किसी पर आश्रित नहीं हैं।

उन्होंने कहा, 'महिलाओं के खिलाफ 3 तरह से हिंसा होती है। पहली- पैदा होते ही हत्या, दूसरी- शारीरिक अत्याचार, तीसरी- आर्थिक बंदिशें।' इस कार्यक्रम में सिर्फ छात्राओं को ही बुलाया गया था। इस दौरान इन्होंने राहुल-राहुल के नारे लगाए।

इससे पहले उन्होंने कोटा में 17 जून, देहरादून में 17 जुलाई और प्रयागराज 8 अगस्त को छात्रों से बातचीत की थी। इस दौरान राहुल ने पेपर लीक और देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार से जुड़े मुद्दे उठाए थे।

राहुल ने पूछा अपने प्रदर्शन में मुझे क्यों नहीं बुलाती

राहुल ने एक लड़की से कहा- अपने प्रदर्शन में मुझे क्यों नहीं बुलाती, मैं वहां आऊंगा तो प्रशासन पर थोड़ा और दबाव बढ़ जाएगा। लड़की ने कहा- अब मैं जो बता रही हूं उसे सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। जब गढ़चिरौली में जब हम कभी एक महीने से ज्यादा घर के लिए जाते हैं तो लौटने पर हमसे प्रेग्नेंसी टेस्ट करवाने कहा जाता है। प्रशासन से जब हम पूछते हैं कि यह क्यों किया जा रहा है तो हमसे कहा जाता है कि आप इतने दिन बाहर रहीं कहीं आपको जानलेवा बीमारी तो नहीं हो गई।

राहुल ने कहा- 60% लड़कियां घर से अकेली नहीं निकल सकतीं

एक लड़की ने कहा, ओलंपिक में मेडल लाने वाली लड़कियों के साथ गलत व्यवहार करने वाले बरी हो गए तो मैं तो एक आम लड़की हूं... मैं कहां तक लड़ सकती हूं। राहुल ने कहा, ये माइंड सेट कहां से आता है कि लड़की को नहीं पढ़ाना, लड़के को पढ़ाना है। लड़की को जॉब नहीं करने देना है। लड़की बहुत मॉर्डन हो गई है। 60 प्रतिशत लड़कियां घर से अकेली नहीं जा सकती हैं। अगर जाना होता है तो किसी के साथ जाना होता है। उन्होंने कहा, 45% शादी के लिए या हाउसवर्क के लिए ड्रॉपआउट करती हैं। आखिरी जो शायद सबसे अमेजिंग आंकड़ा है कि इस देश में सिर्फ 8% महिलाओं के पास इंडिपेंडेंटली ओन्ड प्रॉपर्टी है। मतलब फिजिकल कंट्रोल, फाइनेंशियल कंट्रोल और आप क्या करोगे इस पर कंट्रोल।

थरूर बोले- कांग्रेस को सीजेपी से सीखने की जरूरत

जाति-वर्ग से ऊपर उठे; आम भारतीय और मिडिल क्लास के मुद्दों पर ध्यान दे

तिरुवनंतपुरम।

तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि पार्टी को कॉकरोच जनता पार्टी से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जाति और वर्ग से आगे बढ़कर सभी भारतीयों से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस नेतृत्व अन्य पिछड़ा वर्ग तक पहुंच और जाति आधारित प्रतिनिधित्व पर जोर बढ़ा रहा है। इसी बीच थरूर ने कहा कि पार्टी को जाति, धर्म, वर्ग और दूसरे समूहों से जुड़े हितों से आगे बढ़ने की जरूरत है। एक इंटरव्यू में थरूर ने कहा कि कांग्रेस को आम भारतीयों, मध्यवर्गीय भारतीयों, शहरी लोगों और पेशेवरों से जुड़े मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दे जाति और धर्म से अलग सभी भारतीयों को प्रभावित करते हैं। सभी भारतीयों से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत

60 वार्ड, सैकड़ों दावेदार और कई राजनीतिक धड़े, भाजपा के सामने टिकट बंटवारे की कठिन परीक्षा



संजय सोनी

झुंझुनूं (नवयत्न)। नगर निकाय चुनाव की तारीख 9 सितम्बर तय हो जाने के बाद वार्डों में टिकटों का अंतिम फैसला भले ही अभी बाकी हो, लेकिन झुंझुनू नगर परिषद के 60 वार्डों में भाजपा के टिकट को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। लगभग हर वार्ड से तीन-चार दावेदार सामने आने के कारण पार्टी नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती योग्य प्रत्याशी के चयन के साथ-साथ अलग-अलग राजनीतिक धड़ों, सामाजिक समीकरणों और प्रभावशाली नेताओं को साधने की भी होगी। भाजपा नेतृत्व की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि सामान्य परिस्थितियों में उसी व्यक्ति को वार्ड से प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए, जो संबंधित वार्ड का निवासी होने के साथ पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता भी हो। विशेष परिस्थितियों में वार्ड से बाहर के व्यक्ति को प्रत्याशी बनाए जाने की स्थिति में प्रदेश स्तर पर गठित कमेटी से मार्गदर्शन लेने की व्यवस्था भी बताई गई है। ऐसे में टिकट वितरण केवल व्यक्तिगत दावेदारी का मामला नहीं रहेगा, बल्कि संगठनात्मक अनुशासन और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के बीच संतुलन साधने की परीक्षा भी होगी।

जिला अध्यक्ष से लेकर विधायक तक, कई स्तरों पर दावेदारों को साधने की चुनौती

भाजपा में टिकट वितरण को लेकर जिला संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिला अध्यक्ष के स्तर पर स्थानीय दावेदारों, संगठनात्मक सक्रियता और वार्ड के समीकरणों की जानकारी प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचने की संभावना है। ऐसे में जिला अध्यक्ष के सामने भी यह चुनौती होगी कि सभी दावेदारों को संतुष्ट रखते हुए संगठन की पसंद के प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया जाए। वहीं झुंझुनू विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर जीत हासिल कर कमल खिलाने वाले विधायक राजेंद्र सिंह भाम्बू की भूमिका को भी नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा। उपचुनाव की जीत के बाद शहरी क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में बने माहौल को बनाए रखना पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी है कि विधायक भाम्बू के समर्थकों और पसंद के दावेदारों को टिकट वितरण में कितना स्थान मिलता है।

पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी का भी प्रभाव

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी की भी झुंझुनू जिला मुख्यालय की राजनीति में सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है। उनके समर्थकों की ओर से भी नगर परिषद के वार्डों में दावेदारी सामने आने की स्थिति में पार्टी नेतृत्व के सामने एक और राजनीतिक संतुलन साधने की चुनौती खड़ी हो सकती है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए काम करने वाले नेताओं एवं उनके समर्थकों को पूरी तरह नजरअंदाज करना संगठन के लिए आसान नहीं होगा। ऐसे में टिकट वितरण में विभिन्न नेताओं के प्रभाव क्षेत्र और उनके समर्थकों की संख्या भी एक महत्वपूर्ण कारक बन सकती है।

पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार के समर्थकों की भी नजर

झुंझुनू जिला मुख्यालय पर पूर्व भाजपा सांसद नरेंद्र कुमार का भी अपना राजनीतिक प्रभाव माना जाता है। ऐसे में उनके समर्थक भी नगर परिषद में अधिक से अधिक पार्षद जिताने की रणनीति के तहत टिकट की उम्मीद लगाए बैठे हैं।खास बात यह है कि वर्तमान जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार की पुत्रवधू हैं। इस पारिवारिक राजनीतिक संबंध के कारण टिकट वितरण को लेकर जिला संगठन की भूमिका पर भी राजनीतिक चर्चाएं स्वाभाविक रूप से तेज हो गई हैं। हालांकि अंतिम निर्णय पार्टी की निर्धारित प्रक्रिया और प्रदेश नेतृत्व के स्तर पर होने वाला है।

सैनी समाज के समीकरण को भी नहीं कर सकती भाजपा नजरअंदाज

टिकट वितरण में सामाजिक समीकरण भी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत सैनी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं और झुंझुनू शहर में सैनी मतदाताओं की अच्छी संख्या है। नगर परिषद के चुनाव में कई वार्डों में सैनी मतदाता निर्णायक भूमिका निभाने की स्थिति में माने जाते हैं। ऐसे में सैनी समाज से आने वाले दावेदारों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की मांग पार्टी के सामने उठना स्वाभाविक है। यदि टिकट वितरण में किसी बड़े सामाजिक वर्ग को अपेक्षाकृत कम प्रतिनिधित्व मिलता है तो उसके राजनीतिक प्रभाव को लेकर भी पार्टी को सावधानी बरतनी होगी।

संगठन बनाम राजनीतिक प्रभाव की भी परीक्षा

इस पूरे टिकट वितरण में भाजपा के सामने एक और महत्वपूर्ण सवाल संगठनात्मक निष्ठा और राजनीतिक प्रभाव के बीच संतुलन का रहेगा। एक ओर पार्टी का स्पष्ट जोर स्थानीय निवासी और पार्टी कार्यकर्ता को प्राथमिकता देने पर है, वहीं दूसरी ओर चुनाव जीतने की क्षमता, सामाजिक समीकरण और प्रभावशाली नेताओं के समर्थकों को साथ रखने का दबाव भी रहेगा। यदि पार्टी संगठन के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देती है तो कई प्रभावशाली नेताओं के समर्थक टिकट से वंचित हो सकते हैं। दूसरी ओर यदि राजनीतिक प्रभाव और जीत की संभावना को अधिक महत्व दिया जाता है तो लंबे समय से संगठन में काम कर रहे कार्यकर्ताओं में असंतोष पैदा होने की आशंका रहेगी।

कांग्रेस की अभी देखो और इंतजार करो की मुद्रा

भाजपा के भीतर टिकट को लेकर मची हलचल के बीच कांग्रेस फिलहाल अपने पत्ते खोलने में जल्दबाजी करती नजर नहीं आ रही है। कांग्रेस की नजर भाजपा के टिकट वितरण पर भी बनी हुई है। भाजपा में टिकट कटने के बाद नाराज होने वाले दावेदारों, बागी तेवर अपनाने वाले नेताओं और निर्दलीय चुनाव लड़ने की संभावना रखने वालों पर कांग्रेस की नजर रह सकती है। ऐसे में भाजपा के टिकट वितरण का असर केवल पार्टी के भीतर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका सीधा प्रभाव कांग्रेस की चुनावी रणनीति पर भी पड़ सकता है। नगर परिषद के 60 वार्डों में टिकट वितरण भाजपा के लिए महज प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन, सामाजिक समीकरण और अलग-अलग राजनीतिक प्रभावों के बीच संतुलन साधने की बड़ी परीक्षा बनने जा रहा है। किस नेता के समर्थकों को कितने टिकट मिलते हैं, किन सामाजिक वर्गों को कितना प्रतिनिधित्व दिया जाता है और टिकट से वंचित दावेदारों को पार्टी किस तरह अपने साथ रखती है—इन सवालों के जवाब ही झुंझुनू की शहरी राजनीति की अगली दिशा तय करेंगे।

महाजन और ब्राह्मण समाज को पर्याप्त प्रतिनिधित्व

झुंझुनू की राजनीति में महाजन और ब्राह्मण समाज को भाजपा के पारंपरिक समर्थक वर्गों में गिना जाता है। नगर निकाय चुनाव में इन दोनों समाजों के दावेदार भी अपनी संख्या और राजनीतिक प्रभाव के आधार पर पर्याप्त टिकट की उम्मीद कर रहे हैं। पार्टी के पिछले निकाय चुनावों के समीकरणों को देखें तो इन सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलता रहा है। ऐसे में टिकट वितरण के दौरान इन वर्गों के दावेदारों को संतुष्ट करना भी भाजपा की रणनीति का हिस्सा होगा। हालांकि इस बार वार्डों के आरक्षण और बदलते स्थानीय समीकरणों के कारण पुराने फार्मूले को हूबहू लागू करना पार्टी के लिए संभव होगा या नहीं, यह देखना महत्वपूर्ण रहेगा।

असली चुनौती-किसकी टिकट काटे और किसे मनाए?

भाजपा के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब एक-एक वार्ड से कई मजबूत दावेदार सामने हों तो टिकट किसे दिया जाए और बाकी दावेदारों को किस तरह साथ रखा जाए। टिकट पाने वाला उम्मीदवार जीत की स्थिति में पार्टी के लिए मजबूत साबित हो सकता है, लेकिन टिकट से वंचित दावेदार नाराज होकर चुनाव में भीतरघात करता है या निर्दलीय मैदान में उतरता है तो पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की राह कठिन हो सकती है।

यही कारण है कि भाजपा के लिए केवल प्रत्याशी चयन ही नहीं, बल्कि टिकट वितरण के बाद डैमेज कंट्रोल भी उतना ही महत्वपूर्ण रहने वाला है। पार्टी को ऐसे दावेदारों को मनाने की रणनीति बनानी होगी, जिनका अपने-अपने वार्ड में व्यक्तिगत प्रभाव और समर्थकों का आधार है।

पीएम मोदी ने भाजपा की कार्यकारिणी से मुलाकात की

नई टीम के साथ पहली बैठक; कहा- ऐसी बैठकें पार्टी को मजबूत करने का मंच

नई दिल्ली।

पीएम मोदी शनिवार शाम दिल्ली के भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने पार्टी की नई राष्ट्रीय टीम से मुलाकात की। मुलाकात की जानकारी देते हुए पीएम ने एक्स पर लिखा- पार्टी के साथियों के साथ बैठक अच्छी रही। ऐसी बैठकें पार्टी को मजबूत करने और जनता से जुड़ाव पर गहरे विचारों का मंच होती हैं।

बैठक के दौरान पीएम जेन-जी और सोशल मीडिया से जुड़े मुद्दों पर बात कर सकते हैं।इससे पहले शनिवार सुबह नए पदाधिकारियों की भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ भी बैठक हुई थी। दरअसल, नई टीम की घोषणा 17 अगस्त को हुई थी। 65 सदस्यीय टीम में राम माधव को उपाध्यक्ष और स्मृति ईरानी को महासचिव बनाकर वापस लाया गया है।

सरकार भी जेन-जी से जुड़ने के लिए नेताओं को यूनिवर्सिटी भेजेगी

केंद्र सरकार ने यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के जरिए कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्रों से सीधे जुड़ने की तैयारी की है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया था कि 19 अगस्त की कैबिनेट बैठक में यह फैसला हुआ कि केंद्रीय मंत्री अलग-अलग यूनिवर्सिटी में जाकर छात्रों से बातचीत करेंगे और उनके सवाल, विचार और समस्याएं सुनेंगे। बैठक में मंत्रियों की सोशल मीडिया पोस्ट की पहुंच पर भी चर्चा हुई। इसमें खासतौर पर युवा लोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए ज्यादा मेहनत करने की बात कही गई।

65 में से सिर्फ 14 पुराने चेहरे

नई टीम में 14 पुराने चेहरों को दोबारा जगह मिली है, जबकि 51 नए चेहरे शामिल किए गए हैं। यानी 65 सदस्यों वाली टीम में करीब 78.5% नए चेहरे हैं। इससे साफ है कि संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव किया गया है, हालांकि कुछ अनुभवी नेताओं को भी बरकरार रखा गया है।

नवयत्न **कोबरी पोस्ट**



टेडएक्स आईआईएचएमआर यू के संस्करण में इग्नाइट द अनसीन पर हुई चर्चा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी में टेडएक्स आईआईएचएमआर यू के चौथे संस्करण का आयोजन हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम इग्नाइट द अनसीन रही। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वक्ताओं ने ऐसे विचारों और प्रयासों पर चर्चा कीए जो मुख्यधारा में कम नजर आते हैं, लेकिन समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। कार्यक्रम में पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. मल्लिका साराभाई, क्योरएआई की चीफ मेडिकल ऑफिसर-ग्लोबल हेल्थ डॉ. शिबू

विजयन, 2006 इंटरनेशनल चिल्ड्रन्स पीस प्राइज विजेता एवं पाठशाला ट्रस्ट के संस्थापक ओम प्रकाश गुर्जर, राउंड ग्लास म्यूजिक की लीड एवं संगीतकार गौरी यदवाडकर, उद्यमी व वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशनिस्ट आर. उदयन लाहिरी तथा नेशनल अवॉर्ड विजेता दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता प्रतीक माधव ने अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने परफॉर्मिंग आर्ट्स, पब्लिक हेल्थ, चाइल्ड राइट्स, असिस्टिव टेक्नोलॉजी, म्यूजिक, एंटरप्रेन्योरशिप और वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन जैसे विषयों पर विचार रखे। थिएटर कलाकार अभिषेक मुदगल ने महारथी प्रस्तुति दी। आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स की डायरेक्टर यामिनी अग्रवाल ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों और अनुभवों को एक मंच पर लाने से नए विचारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोडानी ने कहा कि टेडएक्स आईआईएचएमआर यू ऐसे विचारों और अनुभवों को सामने लाने का मंच है, जो सोच को नया नजरिया देते हैं। टेडएक्स आईआईएचएमआर यू की शुरुआत 2023 में हुई थी। तब से यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एक मंच पर लाकर नए विचारों और अनुभवों पर संवाद का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

ऑपरेशन नीलकंठ : टॉप-10 वांछित आरोपी गिरफ्तार

निसं

नोखा (नवयत्न)। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन नीलकंठ के तहत पांचू थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे टॉप-10 वांछित आरोपी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामले में पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज ओमप्रकाश आईपीएस, जिला पुलिस अधीक्षक बीकानेर मृदुल कच्छावा आईपीएस तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनवारीलाल मीणा आरपीएस के निर्देशन में की गई। नोखा वृत्त के पुलिस उप अधीक्षक जरनैलसिंह के निकट सुपरविजन में पांचू थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

4 किलो 402 ग्राम डोडा पोस्त बरामदगी के मामले में था फरार

पुलिस के मुताबिक 2 जनवरी 2026 को पांचू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने 4 किलो 402 ग्राम मादक पदार्थ डोडा पोस्त छिलका एवं चूरा जब्त किया था। कार्रवाई के दौरान आरोपी अनिल कुमार मौके से फरार हो गया था और तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल कुमार निवासी कूदसू, पुलिस थाना पांचू, जिला बीकानेर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे वांछित आरोपियों की सूची में टॉप-10 में शामिल कर रखा था।

नोखा थाने के मामले में भी वांछित

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार केवल पांचू थाने के मामले में ही नहीं, बल्कि पुलिस थाना नोखा में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक अन्य प्रकरण में भी वांछित चल रहा था। नोखा थाने में 13 दिसंबर 2025 को दर्ज मामले में पुलिस ने 8 किलो 530 ग्राम डोडा पोस्त छिलका मादक पदार्थ जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। इस प्रकरण में अनिल कुमार को मादक पदार्थ के स्प्लायर के रूप में वांछित बताया गया है। इस मामले की आगे की जांच पांचू थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर दोनों मामलों में उसकी भूमिका तथा मादक पदार्थों की सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

पुलिस की विशेष टीम ने की कार्रवाई

कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में पांचू थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद पुनी, हेड कांस्टेबल मांगीलाल कानी, हेड कांस्टेबल राधाकिशन कानी, कांस्टेबल धन्नाराम कानी, कांस्टेबल सुनील कुमार कानी तथा कांस्टेबल लीलाराम कानी शामिल रहे। बीकानेर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। हाल के दिनों में भी जिले में एनडीपीएस मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड़ और नशा तस्करों के खिलाफ अभियान तेज किया गया है। पांचू पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

बिजनेसमैन से झपट्टा मारकर 2 लाख से भरा बैग लूटा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सदर थाना इलाके में दुकान बंद कर घर लौट रहे बिजनेसमैन से दो बदमाश करीब 2 लाख रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़ित ने सदर थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। एसआई दिनेश ने बताया कि पावर हाउस रोड निवासी राजू अग्रवाल 50 रेलवे स्टेशन के पास सिगरेट-गुटखा की दुकान चलाते हैं। पीड़ित राजू अग्रवाल और उनके भाई चिरंजीलाल ने दुकान बंद की और कपड़े का बैग हाथ में लेकर घर के लिए रवाना हुए। इस दौरान तंवर गेस्ट हाउस के पास पहुंचते ही पीछे से दो युवक दौड़ते हुए आए। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके हाथ से बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। वारदात के दौरान बैग में दुकान के पूरे दिन का करीब 2 लाख रुपए का कलेक्शन रखा हुआ था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

गौशाला संरक्षक श्रीनिवास झंवर द्वारा ट्रैक्टर का उद्घाटन

श्रीराम तिवाड़ी

नोखा (नवयत्न)। धर्मधरा नोखा में श्रीगंगा गौशाला द्वारा क्रय किये गये ट्रैक्टर का उद्घाटन शुभ मुहूर्त में गौशाला के संरक्षक एवं नोखानगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास झंवर द्वारा किया गया। श्रीगंगा गौशाला परिसर स्थित आस्था और श्रद्धा का प्रतीक लिफ्ट युक्त दस मंजिला श्री राम स्तम्भ की सबसे ऊपरी 10वीं मंजिल पर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के पुजारी विद्वान पंडित भवानी शंकर पारीक द्वारा मंत्रोचार सहित विधि विधान से पूजा करवाकर ट्रैक्टर का उद्घाटन करवाया गया। ट्रैक्टर चालक लाधूराम द्वारा ट्रैक्टर के दाहिने चक्के के आगे श्रीफल नारीयल रखकर उसके ऊपर से ट्रैक्टर निकाल कर ट्रैक्टर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान गौशाला के मंत्री कमल किशोर डागा, उपाध्यक्ष बनवारी लाल डेलू, सदस्य इन्दुचन्द मोदी, वासुदेव तिवाड़ी और कार्मिक गौशाला के व्यवस्थापक रामनारायण उपाध्याय, कार्मिक हनूताराम विश्नोई, पवन कोठारी आदि उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक विरासत बचाने और पलायन रोकने के लिए निकलेगी जन आक्रोश रैली

निसं

जयपुर (नवयत्न)। जयपुर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को बचाने और परकोटा क्षेत्र से बहुसंख्यक वर्ग के पलायन को रोकने की मांग को लेकर युवा शक्ति मंच राजस्थान की ओर से रविवार को विशाल जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी। इस रैली में 2100 महिलाएं नेतृत्व करेंगी, जबकि हजारों युवाओं के साथ 10 हजार दुपहिया और 500 चौपहिया वाहनों के शामिल होने का दावा आयोजकों ने किया है। युवा शक्ति मंच के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि रैली रविवार सुबह 11 बजे खोले के हनुमानजी मंदिर से रवाना होगी और अल्बर्ट

हॉल, रामनिवास बाग पहुंचकर इसका समापन किया जाएगा। शेखावत ने बताया कि रैली का प्रमुख आकर्षण 2100 महिलाओं का नेतृत्व होगा। इसके माध्यम से महिला सशक्तीकरण का संदेश देने के साथ जयपुर की सांस्कृतिक पहचान से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। रैली में जयपुर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा शामिल होंगे। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सैनी, प्रदेश महामंत्री गौरी शंकर खोरवाल और प्रदेश कोषाध्यक्ष जितेंद्र जंगम के अनुसार जयपुर केवल एक शहर नहीं, बल्कि ऐतिहासिक इमारतों, धार्मिक स्थलों, कला और परंपराओं के कारण विश्वभर में विशेष पहचान रखने वाला शहर है। परकोटा क्षेत्र से लगातार हो रहे पलायन को लेकर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना रैली का प्रमुख उद्देश्य है।

कथक की मनमोहक प्रस्तुति : लय और भाव से सजे सांस्कृतिक रंग

निसं

जयपुर (नवयत्न)। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जयपुर में स्पिक मैके राजस्थान के सहयोग से प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना विशाल कृष्ण की कथक प्रस्तुति आयोजित की गई। भावपूर्ण मुद्राओं, अभिनय, जटिल पद-संचालन और लयकारी ने विद्यार्थियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति में जयवर्धन दाधीच ने गायन, आनंद मिश्रा ने तबले और उस्ताद गुलाम वारिस खान ने सारंगी पर संगत की। संवादात्मक सत्र के दौरान विद्यार्थियों को कथक की बारीकियों के साथ

भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर मिला।विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजन गौतम ने स्पिक मैके का आभार व्यक्त करते हुए कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। विद्यालय प्रबंधक सरिता रंजन ने टीम भावना और सभी विद्यार्थियों को समान अवसर देने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. स्वाति चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

वेंकटेश बालाजी मठ में पंच दिवसीय झूलन उत्सव

उदयपुरवाटी (नवयत्न)। निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ लोहार्गल धाम के प्रसिद्ध वेंकटेश बालाजी मंदिर में पंच दिवसीय झूलन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित उत्सव में भगवान लक्ष्मी वेंकटेश गोदा रंगनाथ को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद झूले में विराजमान कराया गया। आरती के बाद मंगल गीतों के साथ भगवान को झूला झुलाया गया। वेंकटेश मठ के पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी झूलन महोत्सव का आयोजन किया गया है। उत्सव के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन और गोष्ठी प्रसाद का आयोजन हो रहा है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान के दर्शन कर रहे हैं और स्वामी अश्विनी आचार्य का आशीर्वाद ले रहे हैं।

नगर निगम चुनाव : हर दस वार्ड पर होगा नामांकन केंद्र

15 अलग-अलग जगहों पर जमा होंगे पर्चे

निसं

जयपुर (नवयत्न)। नगर निगम चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ गई है। इधर जिला निर्वाचन शाखा ने भी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। 27 अगस्त से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया के लिए जयपुर में 15 अलग-अलग नामांकन केंद्र बनाए जा रहे हैं। हर केंद्र पर 10 वार्डों के प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। केंद्र वार्डों की सीमा के नजदीक बनाए गए हैं, ताकि प्रत्याशियों और समर्थकों को कलेक्ट्रेट सहित शहर के किसी एक स्थान पर नहीं आना पड़े और भीड़ के कारण अव्यवस्था की स्थिति न बने। जिला निर्वाचन अधिकारी म्यूनिसिपल संदेश नायक के अनुसार सभी 15 केंद्रों पर रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया 27 से 31 अगस्त तक चलेगी, लेकिन इस दौरान दो दिन अवकाश होने के कारण प्रत्याशियों को पर्चा दाखिल करने के लिए सिर्फ तीन दिन मिलेंगे। 28 अगस्त को रक्षाबंधन और 30 अगस्त को रविवार होने के कारण नामांकन केंद्र बंद रहेंगे। ऐसे में 27, 29 और 31 अगस्त को ही नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे।

इन जगहों पर होंगे नामांकन केंद्र

वार्ड 1 से 10 के लिए रीको ऑफिस, रोड नंबर-5, वीकेआईए सीकर रोडय 11 से 20 के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्लॉट नंबर 370, वीकेआईए मुरलीपुराय 21 से 30 के लिए नगर निगम झोटवाड़ा जोन ऑफिस, खिरणी फाटकय 31 से 40 के लिए कमला देवी बुधिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हीरापुरा चौराहा, अजमेर रोडय 41 से 50 के लिए एसडीओ ऑफिस, सांगानेर और 51 से 60 के लिए पंचायत समिति ऑफिस, सांगानेर को नामांकन केंद्र बनाया गया है। इसी तरह वार्ड 61 से 70 के लिए कमरा नंबर 45, कलेक्ट्रेट ऑफिस, बनीपार्कय 71 से 80 के लिए नगर निगम जगतपुरा जोन ऑफिस, नंदपुरी अंडरपास, मालवीय नगरय 81 से 90 के लिए नगर निगम मालवीय नगर जोन ऑफिस, विधानसभा के पास लालकोठीय 91 से 100 के लिए नगर निगम सिविल लाइंस जोन ऑफिस, शास्त्री नगरय 101 से 110 के लिए जिला परिषद ऑफिस, बनीपार्कय 111 से 120 के लिए नगर निगम किशनपोल जोन ऑफिस, घाटगेटय 121 से 130 के लिए कमरा नंबर 26, जिला कलेक्ट्रेट ऑफिस, बनीपार्कय 131 से 140 के लिए राजकीय महारानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मीरा मार्ग, बनीपार्क तथा 141 से 150 के लिए नगर निगम हवामहल-आमेर जोन ऑफिस, पुराना पुलिस मुख्यालय, जलेब चौक में नामांकन केंद्र रहेगा। निर्वाचन शाखा की ओर से सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। अलग-अलग स्थानों पर नामांकन केंद्र बनाए जाने से प्रत्याशियों और समर्थकों की भीड़ को एक ही स्थान पर जुटने से रोकने तथा नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी।

तेज रफ्तार थार ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर

निसं

जयपुर (नवयत्न)। मालवीय नगर थाना इलाके में तेज रफ्तार नीली थार ने स्कूटी सवार 62 वर्षीय बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल बुजुर्ग की एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं इस हादसे के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त थार को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मालवीय नगर थानाधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि मृतक की पहचान छाजू सिंह 62 के रूप में हुई है। वे मूल रूप से प्रेमपुरा, दौसा के रहने वाले थे और वर्तमान में बाईजी की कोठी, झालाना डूंगरी में रह रहे थे। छाजू सिंह एक हॉस्टल में गार्ड की नौकरी करते थे। पुलिस के अनुसार छाजू सिंह पिछले दो-तीन दिन से बीमार थे और उन्हें खांसी-जुकाम की शिकायत थी। जो स्कूटी से दवाई लेने जयपुरिया अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान सरस पुलिया के पास तेज रफ्तार थार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि छाजू सिंह उछलकर सड़क पर जा गिरे। इसके बाद वे करीब 50 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। हादसे में उनकी पसलियों सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्कूटी को टक्कर मारने के बाद थार भी अनियंत्रित हो गई। एसयूवी सड़क किनारे लगे खंभे से टकराई और उसे तोड़ते हुए काफी दूर तक चली गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छाजू सिंह को एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल थार को जब्त कर लिया है। चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस हादसे की परिस्थितियों की भी जांच कर रही है।

नगर निगम ने शहर से हटाना शुरू किया होर्डिंग-बैनर

निसं

जयपुर (नवयत्न)। नगरीय निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके साथ ही नगर निगम जयपुर की टीमें शहर में सक्रिय हो गई हैं। निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर शनिवार को जोन स्तर पर अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और कटआउट हटाए गए। निगम की टीमों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्रवाई की थी। वहीं अकेले मानसरोवर जोन में 225 से अधिक होर्डिंग हटाए गए। राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 309 नगरीय निकायों में आम चुनाव के लिए चरणवार कार्यक्रम घोषित

किया है। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई, जो चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेगी।

प्रचार वाहनों पर भी नियंत्रण

चुनाव प्रचार के लिए वाहनों के इस्तेमाल की अधिकतम सीमा भी निर्धारित की गई है।

प्रचार में वाहन लगाने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से लिखित अनुमति लेना जरूरी होगा। इसके लिए वाहन का पूरा विवरण देना होगा।

नगर निगम और प्रशासन की टीमें आचार संहिता के दौरान प्रचार सामग्री के साथ वाहनों और लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी निगरानी रखेंगी।

लाउडस्पीकर के लिए अनुमति जरूरी

चुनाव प्रचार के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के लिए जिला मजिस्ट्रेट, उपखंड मजिस्ट्रेट अथवा अन्य सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

प्रचार सामग्री पर निगरानी

निगम आयुक्त ओम कसेरा के अनुसार आचार संहिता लागू होने के बाद नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर लगे चुनावी प्रचार से संबंधित होर्डिंग, पोस्टर, बैनर और कटआउट हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। जोन स्तर पर निगम की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रचार सामग्री हटाई जा रही है।

रॉन्ग साइड वाहन चालकों पर जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने दो दिन में काटे 544 चालान

निसं

जयपुर (नवयत्न)। शहर में रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने दो दिवसीय विशेष अभियान चलाकर 544 चालान किए। इस अभियान के दौरान जयपुर के पूर्वए दक्षिण, पश्चिम और उत्तर जोन में विशेष टीमें तैनात कर कार्रवाई की गई।

वहीं दो दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 7134 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल ने बताया कि यह विशेष अभियान दो दिन चलाया गया।

इस दो दिवसीय अभियान में रॉन्ग साइड वाहन चलाने पर 283 चालान किए गए, जबकि 21 अगस्त को 261 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई हुई। इस तरह दो दिनों में कुल 544 चालान किए गए। इसके अलावा विभिन्न माध्यमों से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 7 हजार 134 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें वीओसी ऐप के माध्यम से फोटो लेकर 798, पीओएस मशीन के जरिए 2 हजार 633, आईटीएमएस ऑनलाइन चालान के माध्यम से 1 हजार 135 तथा इंटरसेप्टर और स्पीड गन के जरिए 2 हजार 568 चालान किए गए। पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल ने वाहन चालकों से रॉन्ग साइड वाहन नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रॉन्ग साइड चलना गंभीर यातायात उल्लंघन है और इससे घातक सड़क दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। उन्होंने आमजन से जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करने और सही दिशा में वाहन चलाने की अपील की।

उन्होंने कहा शॉर्टकट से बची हुई दूरी जिंदगी से ज्यादा जरूरी नहीं है।

सड़क दुर्घटना मामले में पीड़ित पक्ष को 15.65 लाख का अवार्ड पारित

निसं

तारानगर (नवयत्न)। न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी तारानगर संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में ब्याज सहित कुल 15.65 लाख का अवार्ड पारित किया है। एडवोकेट अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि गांव मोरका हरियाणा निवासी सुरेंद्र कुमार ने ओजरिया में हिस्से काश्त पर खेती कर रखी थी। दिनांक 8/10/2022 को सतीश कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर तारानगर से ओजरिया जा रहा था जब ओजरिया अड्डे पर के पास पहुँचा तो सतीश कुमार ने अपने मोटरसाइकिल को तेज गति ओर लापरवाही से चला के कट मारते हुए दुर्घटना कारित कर दी। सतीश कुमार कच्चे में गिर गया और सुरेंद्र कुमार सड़क पर गिरा जिससे सिर में गंभीर चोट आई तथा उसकी मृत्यु हो गई। घटना का मुकदमा पुलिस थाना तारानगर में दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर चालक सतीश कुमार के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया मृतक की ओर से मृतक की पत्नी प्रमिला, मृतक के बच्चों व माता निहाली देवी ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो प्रमिला आदि बनाम यूनिवर्सल सौंपो जन. ई. क.लि. आदि पेश की, जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने पत्रावली का अवलोकन कर पत्रावली पर आये साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थीगण के पक्ष में कुल ब्याज सहित 15.65 रूपये का अवार्ड पारित कर अप्रार्थी बीमा कम्पनी को अदा करने का आदेश प्रदान किया।

जेजेटी विश्वविद्यालय को होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज की मान्यता, 60 सीटों पर इसी सत्र से प्रवेश

सुरेंद्र शर्मा

झुंझुनूं (नवयत्न)। ग्राम चुड़ेला स्थित श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय (जेजेटी) के कैंपस में श्री विनोद दुर्गा दत्त टीबड़ेवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) से मान्यता मिल गई है। आयोग ने कॉलेज को बीएचएमएस कोर्स के लिए शैक्षणिक सत्र 2026 में 60 सीटों पर प्रवेश की अनुमति दी है। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. विनोद टीबड़ेवाला और निदेशक उमा विशाल टीबड़ेवाला ने मान्यता मिलने पर खुशी जताई और विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई दी। विश्वविद्यालय प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार और मुख्य वित्त अधिकारी डॉ. अमन गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि यह झुंझुनूं जिले का पहला होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज है। आयुष विभाग के प्रभारी डॉ. उज्जवल ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026 में नीट पात्रता प्राप्त विद्यार्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। इससे जिले के विद्यार्थियों को होम्योपैथी की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजु सिंह रागिनी ने बताया कि कॉलेज में पढ़ाई के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मान्यता का दस्तावेज मिलने के बाद कॉलेज के स्टाफ में खुशी की लहर दौड़ गई। स्टाफ ने एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी मनाई।

एसएस मोदी विद्या विहार में ट्राई गेम्स टूर्नामेंट का समापन, विजेता खिलाड़ी सम्मानित

सुरेंद्र शर्मा

झुंझुनूं (नवयत्न)। गौरव पथ स्थित एसएस मोदी विद्या विहार में चल रहे तीन दिवसीय अंतरविद्यालयी स्व. श्री सूर्यकांत मोदी मेमोरियल चतुर्थ ट्राई गेम्स टूर्नामेंट का शनिवार को फाइनल मुकाबलों और विजेताओं के सम्मान के साथ समापन हुआ। 20 से 22 अगस्त तक आयोजित अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, बैडमिंटन और रोलर स्केटिंग की स्पर्धाएं हुईं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अमन गुप्ता, चीफ फाइनेंस ऑफिसर तथा विशिष्ट अतिथि जेजेटी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अजीत सिंह रहे। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल और प्राचार्य विजय मसीह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। खेल प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने

विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा के साथ अनुशासन, टीम भावना और बेहतर प्रदर्शन का परिचय दिया। मुख्य अतिथि अमन गुप्ता ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता जीतने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनसे अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व और लगातार प्रयास करने की भावना विकसित होती है। खिलाड़ी हार के बाद दोबारा प्रयास करना और जीत के बाद भी अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना सीखता है। यही सोच जीवन की अन्य चुनौतियों में भी सफलता का आधार बनती है। विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई और खेल को एक-दूसरे का विकल्प नहीं मानना चाहिए। दोनों के बीच संतुलन जरूरी है। नियमित खेल गतिविधियों से विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर देते हैं। प्राचार्य विजय मसीह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागी विद्यालयों, खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और निर्णायक मंडल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल और अन्य सहशैक्षणिक गतिविधियों को भी समान महत्व देता है। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

बास्केटबॉल में ये रहे विजेता

बास्केटबॉल बालक वर्ग में टैगोर पब्लिक स्कूल गुढ़ा गोडजी प्रथम, जीबी मोदी विद्या मंदिर बाकरा द्वितीय और टैगोर बाल निकेतन स्कूल गुढ़ा गोडजी तृतीय रहा। बालिका वर्ग में सोफिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेतड़ी नगर प्रथम, एसएस मोदी विद्या विहार द्वितीय और शेखावाटी पब्लिक सेकेंडरी स्कूल लोसल तृतीय रहा।

बैडमिंटन में ये रहे विजेता

बैडमिंटन टीम स्पर्धा के बालक एवं बालिका वर्ग में मोदी वर्ल्ड स्कूल प्रथम, एसएस मोदी विद्या विहार द्वितीय और नरेन्द्र एकेडमी तृतीय स्थान पर रही। बैडमिंटन बालक व्यक्तिगत स्पर्धा में लोकेश प्रथम, आदित्य द्वितीय और लक्ष्य तृतीय रहे। बालिका व्यक्तिगत स्पर्धा में काव्या प्रथम, भूमि वर्मा द्वितीय और स्तुति तृतीय रहीं। तीनों बालिका विजेता मोदी वर्ल्ड स्कूल से रहीं।

रोलर स्केटिंग के विजेता

रोलर स्केटिंग में एसएस मोदी विद्या विहार प्रथम, प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय और जीबी मोदी पब्लिक सी. सै. स्कूल तृतीय रहा। विजेता विद्यालयों की टीमों को क्रमशः 51 सौं, 31 सौं और 21 सौं रुपए नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी और मेडल दिए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

सावन के रंगों में सजा जेजेटी विश्वविद्यालय 'शिवांश-श्रावणी बेला' में दिखी सावन की रंगत

सुरेंद्र शर्मा

झुंझुनूं (नवयत्न)। श्री जेजेटी विश्वविद्यालय में सावन की परंपरा और संस्कृति को समर्पित महिला सांस्कृतिक कार्यक्रम 'शिवांश-श्रावणी बेला 2026' आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में महिला फैकल्टी, छात्राओं और ग्रामीण महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की निदेशक उमा विशाल टीबड़ेवाला रहीं। विश्वविद्यालय प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता, होम्योपैथिक कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह और श्रीमती प्रेमलता टीबड़ेवाला भी मौजूद रहीं। अतिथियों ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं और छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती पवार ने किया। आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विनीता बासोटिया, डॉ. ज्योति सोनी, प्रभारी छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ. अनंता शांडिल्या, डॉ. नाजिया हुसैन, कल्चरल हेड सहित विश्वविद्यालय की महिला फैकल्टी और स्टाफ का सहयोग रहा।

ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता रही खास

कार्यक्रम में डांस, सिंगिंग, लहरिया, मेहंदी, सावन क्वीन, थाली सजावट, फ्लोरल ज्वेलरी, फ्लावर हेयर स्टाइलिंग सहित कई प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतिभागियों ने पारंपरिक और एथनिक परिधानों में शामिल होकर सावन की रंग-बिरंगी संस्कृति की झलक दिखाई। लहरिया, मेहंदी, फूलों के आभूषण और हेयर स्टाइलिंग प्रतियोगिताओं में महिलाओं की रचनात्मकता देखने को मिली। ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी से कार्यक्रम में स्थानीय परंपरा और लोक संस्कृति का रंग भी नजर आया।

संकट मोचन बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव श्रद्धा से मनाया



निसं

मुकुंदगढ़ (नवयत्न)। लक्ष्मणगढ़ रोड स्थित संकट मोचन बालाजी मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया। कार्यक्रम में सिद्धेश्वर महादेव मंदिर आश्रम के महंत योगी चेतन नाथ एवं संत अभय नाथ महाराज का सानिध्य रहा। आयोजन समिति के मनोज पोरवाल ने बताया कि मंदिर पुजारी दिलीप शर्मा के आचार्यत्व में पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कराया। इसमें मुन्नी देवी एवं गोविंद जांगिड़ ने पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। इसके बाद ज्योत लेकर महाआरती की गई और भोग लगाकर भंडारा शुरू किया गया। श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। महिलाओं की ओर से कीर्तन भी किया गया। शुक्रवार रात संत सुंदरनाथ महाराज के सानिध्य में भजन संध्या हुई। इसमें गायक सुरेंद्र बियाला, सुरेश शर्मा, विद्याधर सैनी एवं कैलाश भाट ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। आयोजन समिति ने संतों का माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में निवर्तमान सरपंच विजेंद्र डोटासरा, भंवर सिंह पटवारी, रामनाथ बांगडवा, बजरंग लाल जांगिड़, महेश डोटासरा, महेश चाहर, पूर्णमल खीचड़, जगदीश प्रसाद कुमावत, हेमराज जांगिड़, राजेंद्र पोरवाल, डॉ. नंदकिशोर कुमावत, मुरारी लाल शर्मा, विद्याधर डोटासरा, कमलेश डोटासरा, दिनेश जांगिड़ एवं सज्जन सैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भादवा अमावस्या के चलते बदला निकाय चुनाव का शेड्यूल

अब पहले चरण की सभी निकायो का मतदान दूसरे चरण और दूसरे वाले पहले चरण में होगा।

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। भादवा अमावस्या पर जिले के प्रमुख मंदिरों में होने वाली वार्षिक पूजा-अर्चना और श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए झुंझुनूं जिले की 19 नगरीय निकायों में मतदान के चरणों में बदलाव किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला प्रशासन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब पहले चरण में 9 सितंबर को 9 निकायों और दूसरे चरण में 11 सितंबर को 10 निकायों में मतदान होगा। 10 और 11 सितंबर को जिले के विभिन्न मंदिरों में भादवा अमावस्या की वार्षिक पूजा होती है। इस दौरान देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु झुंझुनूं पहुंचते हैं। मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता भी तैनात किया जाता है। वहीं मंदिरों के आसपास स्थित भवनों में कई मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। ऐसे में चुनाव व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने मतदान चरण बदलने का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश वर्मा के जारी आदेश के अनुसार पहले चरण में 9 सितंबर को नगर परिषद झुंझुनूं के साथ नगर पालिका बगड़, सुल्ताना, नवलगढ़, जाखल, मुकुंदगढ़, डूंडलोद, खेतड़ी और उदयपुरवाटी में मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण में 11 सितंबर को नगर पालिका पिलानी, चिड़ावा, मंड्रेला, विद्याविहार, सूरजगढ़, सिंघाना, बुहाना, मंडावा, बिसाऊ और मलसीसर में मतदान कराया जाएगा। इस बदलाव के बाद जिले की सभी 19 नगरीय निकायों में मतदान दो चरणों में ही होगा। जिला प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

छात्रों ने खुद बनाई रंग-बिरंगी राखियां

निसं

बिसाऊ (नवयत्न)। दुलचास के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को रक्षाबंधन पर्व को लेकर राखी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें विद्यालय के सभी छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। छात्रों ने विभिन्न रंगों और आकर्षक डिजाइनों से सुंदर राखियां तैयार कर उनका प्रदर्शन किया। संस्था प्रधान संदीप चाहर ने कहा कि त्योहारों को केवल मनाना ही नहीं, बल्कि उनसे जुड़ी परंपराओं और भावनाओं को समझना भी जरूरी है। उन्होंने छात्रों से बाजार से राखी खरीदने के बजाय स्वयं राखी बनाकर भाई की कलाई पर बांधने का आह्वान किया। इससे बच्चों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता, श्रम के प्रति सम्मान और भाई-बहन के प्रेम की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को सीखने के साथ अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ की मंजू, सरोज, डिम्पल, ममता एवं संगीता ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

सांसद बृजेंद्र ओला से मिले पार्षद टिकट के दावेदार एक दिन पहले अमित ओला से भी किया था संपर्क

संजय सोनी

झुंझुनूं (नवयत्न)। नगर परिषद झुंझुनूं के आगामी निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस में पार्षद पद के टिकट की दावेदारी लगातार तेज होती जा रही है। शुक्रवार को टिकट के इच्छुक दावेदारों ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे सांसद पुत्र अमित ओला से मुलाकात कर अपने-अपने वार्ड का फीडबैक दिया था। इसके अगले ही दिन शनिवार को बड़ी संख्या में टिकटार्थियों ने झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र सिंह ओला से मुलाकात कर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। शुक्रवार को अमित ओला से मिलने पहुंचे टिकटार्थियों ने अपने-अपने वार्ड में पार्टी की स्थिति, संभावित प्रत्याशियों, स्थानीय राजनीतिक समीकरणों और अपनी जीत की संभावनाओं से संबंधित फीडबैक दिया। दावेदारों ने संगठन में अपनी सक्रियता और वार्ड में किए गए सामाजिक कार्यों का हवाला देते हुए टिकट के लिए अपनी दावेदारी भी रखी। इसके बाद शनिवार को सांसद बृजेंद्र सिंह ओला के समक्ष भी टिकट के इच्छुक लोगों की आवाजाही बनी रही। सांसद से मुलाकात के दौरान दावेदारों ने अपने वार्ड के राजनीतिक समीकरणों के साथ-साथ कांग्रेस के

पक्ष में माहौल और अपनी व्यक्तिगत पकड़ की जानकारी दी। कई दावेदार समर्थकों के साथ सांसद के पास पहुंचे। लगातार दो दिनों तक टिकटार्थियों की सक्रियता से साफ है कि नगर परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस में टिकट की दौड़ अब तेज हो गई है। वार्डों की आरक्षण लॉटरी के बाद दावेदार अपने-अपने स्तर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंच बनाने में जुटे हैं। एक ओर जहां दावेदार संगठन में अपनी सक्रियता और जनाधार का हवाला दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वार्ड में जीत की संभावनाओं को टिकट का प्रमुख आधार बनाने की कोशिश की जा रही है। शुक्रवार को अमित ओला और शनिवार को सांसद बृजेंद्र सिंह ओला से हुई मुलाकातों को भी इसी राजनीतिक कवायद से जोड़कर देखा जा रहा है। टिकटार्थी अपने पक्ष में फीडबैक देने और पार्टी नेतृत्व के समक्ष अपनी मजबूत दावेदारी पेश करने में जुटे हैं। हालांकि, अभी कांग्रेस की ओर से वार्डवार प्रत्याशियों के नामों को लेकर कोई अंतिम तस्वीर सामने नहीं आई है। ऐसे में आने वाले दिनों में टिकट की दौड़ और तेज होने तथा दावेदारों के बीच राजनीतिक सक्रियता बढ़ने की संभावना है।

स्व. सुदंरलाल काका की 93वीं जयंती पर कलवा गांव 186 पौधे लगाए और बांटे

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न) राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. सुन्दरलाल 'काका' की 93वीं जन्म जयंती पर शनिवार को उनके गांव कलवा स्थित सरस्वती फार्म हाउस में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं महिलाओं ने स्व. सुन्दरलाल काका को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल ने कहा कि यह दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भावना और स्मरण का दिन है। स्व. काका का पूरा जीवन प्रकृति, सादगी और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। उनकी स्मृतियों को आगे बढ़ाते हुए जयंती पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्मारक स्थल पर 93 पौधे लगाए गए, जबकि 93 पौधे कलवा गांव के विद्यालय एवं ग्रामीणों को भेंट किए गए। कुल 186 पौधे लगाकर एवं वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्व. सुन्दरलाल के पुत्र विजेन्द्र कुमार, डॉ. धर्मपाल सिंह, ईश्वर सिंह, विनोद कुमार, पुरुषोत्तम राज, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता सतीश गजराज, रोहतास धांगड़, बिरमा रायला, सूरजगढ़ पंचायत समिति सदस्य सोमवीर लांबा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मेंद्र नेहरा, शिवा कंवर बदनगढ़, राजीव मेघवाल, रामनिवास शेखावत, सुरेश थाकन, महावीर कोठारी, मनोज आलड़िया, विकास पूनिया, सुनील पूनिया, प्रकाश लांबा सहीत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

विधायक भांभू का जन्मदिन मनाया

निसं

चिड़ासन (नवयत्न)। झुंझुनूं विधानसभा विधायक राजेंद्र भांभू का जन्मदिन शनिवार को चनाना गांव स्थित जुगलदास महाराज की गौशाला में गौसेवा कर मनाया गया। इस दौरान गौमाता को गुड़ और केले खिलाए गए। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता राजकुमार मूंड, प्यारेलाल पटवारी, महेंद्र सिंह झाझड़िया (महरमपुर), जय नारायण धींवा हवलदार, प्रताप स्वामी, यशपाल धींवा, प्रभु धींवा, मानसिंह, शीशराम धींवा, महावीर जांगिड़, लालचंद स्वामी, मुकेश स्वामी सहित अन्य मौजूद रहे।

मुकुंदगढ़ में कांग्रेस की चुनावी बैठक, डॉ. राजकुमार शर्मा ने दिया एकजुटता का संदेश

निसं

मुकुंदगढ़ (नवयत्न)। सुरोलिया गेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की चुनावी चर्चा एवं संवाद कार्यक्रम हुआ। इसमें पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर चर्चा की और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में अरविंद देवड़ा, पवन पचलंगिया, रामदेव सिंह राठौड़ एवं शौकत तगाला मंचस्थ रहे। पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजकुमार चेजारा, निवर्तमान उपाध्यक्ष शहजाद चोपदार, आरिफ भाटी, अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष इकबाल खत्री सहित कार्यकर्ताओं ने डॉ. शर्मा का स्वागत किया। डॉ. शर्मा ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन

को मजबूत करने के लिए पूरी सक्रियता से चुनाव मैदान में जुटें।

भाजपा नेता कांग्रेस में शामिल-कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पूर्व एससी मोर्चा अध्यक्ष गोविंद पंवार ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रमोद पचलंगिया, अशोक शर्मा, रमेश दर्जी, अशोक बेरवाल, जुबेर खोखर, बाबू रंगरेज, इकबाल लुहार, हारून लुहार, प्रह्लाद चेजारा, मोहम्मद शरीफ, महेंद्र दादरवाल, सुरेश शर्मा, राजकुमार कटारिया, मोहम्मद जावेद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारी का स्नेह मिलन आज

सुमेर मीणा

उदयपुरवाटी (नवयत्न)। कस्बे में घूम चक्कर के पास स्थित श्री टोडरमल महाविद्यालय में रक्षाबंधन के मौके पर ब्रह्माकुमारी की ओर से शनिवार सुबह 11 बजे स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका एवं राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने बताया कि कार्यक्रम में रक्षाबंधन के महत्व और इसके आध्यात्मिक संदेश के बारे में बताया जाएगा। इसके बाद भाई-बहनों को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा जाएगा और प्रसाद के रूप में मुख मीठा कराया जाएगा। कार्यक्रम में सभी से किसी एक बुराई या कमजोरी को छोड़ने का संकल्प लेने और अच्छे गुण अपनाने का आह्वान किया जाएगा। ब्रह्माकुमारीज ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की है।

सम्पादकीय

चीनी के बढ़ते मूल्य

चीनी के बढ़ते मूल्यों का संज्ञान लिया जाना आवश्यक था, लेकिन अच्छा होता कि सरकार तभी चेत जाती, जब चीनी के दाम बढ़ने शुरू हुए थे। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि बीते दो महीनों में चीनी के मूल्य लगभग 40 प्रतिशत बढ़ गए हैं। सरकार ने इसका कारण खराब मौसम की वजह से गन्ने की फसल को नुकसान और उसके चलते चीनी के घरेलू उत्पादन में कमी, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी के दामों में वृद्धि आदि को बताते हुए इससे स्पष्ट रूप से इन्कार किया है कि पेट्रोल में एथनाल की मिलावट से ऐसा हुआ है।

उसके अनुसार एथनॉल के लिए इस्तेमाल होने वाली चीनी का हिस्सा घटा है। उसने यह भी साफ किया कि देश में उत्पादित होने वाले एथनाल का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा अनाज और खास तौर पर मक्के से आता है। इस सबके बाद भी उसे यह आभास होना चाहिए था कि त्योहारों को देखते हुए चीनी की मांग बढ़ेगी और जमाखोरी करने वाले इसका लाभ उठा सकते हैं। ध्यान रहे कि एक बार जब किसी आवश्यक वस्तु के दाम बढ़ने लगते हैं तो उन्हें यकायक रोकना संभव नहीं होता।

देखना है कि सरकार ने चीनी के बढ़ते दामों पर लगाम लगाने के लिए दस लाख टन चीनी का आयात करने, डीलरों के लिए भंडारण सीमा तय करने और जमाखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के जो कदम उठाए हैं, उनके अपेक्षित परिणाम मिल पाते हैं या नहीं?

हालांकि सरकार ने यह स्पष्ट किया कि चीनी के मूल्य बढ़ने का कारण एथनाल नीति नहीं है, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल यही साबित करने में जुट गए हैं। उन्हें यह मौका इसलिए भी मिला, क्योंकि खुद सरकार ने यह माना कि एथनाल मिश्रित पेट्रोल से वाहनों के माइलेज में कमी आती है। सरकार ने जिस तरह यह रेखांकित किया कि एथनाल नीति से चीनी उद्योग को लाभ मिला है और चीनी मिलों की आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ गन्ना किसानों को भुगतान की समस्या का समाधान करने में आसानी हुई है, उससे ऐसा लगता है कि वह अपनी इस नीति पर पुनर्विचार नहीं करने वाली।

यदि यह मान लिया जाए कि एथनाल नीति चीनी के मूल्य बढ़ने का कारण नहीं है तो भी इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती कि ई-20 ईंधन विवाद का मुद्दा बन गया है। यह सही है कि एथनाल नीति से पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में खपने वाली विदेशी मुद्रा बचाने में सफलता मिली है, लेकिन यह सही समय है कि इस नीति पर नए सिरे से विचार किया जाए और यह देखा जाए कि विदेशी मुद्रा की जो बचत हो रही है, वह कुल मिलाकर कितनी प्रभावी सिद्ध हो रही है।

यह भी देखना होगा कि एथनाल नीति खाद्य सुरक्षा के लिए कोई संकट तो पैदा नहीं करने वाली। इसका आकलन भी किया जाना चाहिए कि क्या ई-20 ईंधन पर्यावरण की रक्षा में सहायक बन पा रहा है?

विशेष आलेख

India Bangladesh Ganga Water Treaty पर Bihar से उठ रहे सवालों का जवाब Modi सरकार को देना ही होगा

1996 की भारत-बांग्लादेश गंगा जल संधि दिसंबर में समाप्त होने वाली है, ऐसे में ढाका नई संधि की मांग तेज कर रहा है और सूखे के मौसम में न्यूनतम जल प्रवाह की गारंटी जैसी शर्त जोड़ना चाहता है, मगर केंद्र और बिहार में सत्तारुढ़ एनडीए के एक प्रमुख घटक जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने अपने लेख के माध्यम से जो सवाल उठाए हैं, उसने पूरे मामले का नया मोड़ दे दिया है। उनका संदेश साफ है कि भारत को केवल बांग्लादेश के साथ नई संधि पर विचार नहीं करना चाहिए, बल्कि उससे पहले यह तय करना होगा कि बदलती जलवायु, घटते प्रवाह और बढ़ती जरूरतों के बीच गंगा का पानी भारत के अपने राज्यों खासकर बिहार के बीच किस आधार पर बांटा जाएगा। यही वह सवाल है जो 2026 के बाद गंगा की राजनीति को केवल जल बंटवारे का मुद्दा नहीं रहने देता, बल्कि इसे राष्ट्रीय हित, सीमा सुरक्षा, क्षेत्रीय कूटनीति और सामरिक रणनीति के केंद्र में ला खड़ा करता है।

दरअसल, ढाका चाहता है कि नई संधि में एक 'गारंटी क्लॉज' शामिल हो, जिसके तहत सूखे के मौसम में बांग्लादेश को गंगा के पानी की एक न्यूनतम मात्रा सुनिश्चित की जाए। 1977 के समझौते में इस तरह की गारंटी का प्रावधान था, लेकिन 1996 की संधि में इसे शामिल नहीं किया गया। बांग्लादेश का तर्क है कि जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित होते सूखे मौसम के प्रवाह और पानी की घटती उपलब्धता के कारण पुराना फार्मूला अब उसकी जरूरतों और वर्तमान परिस्थितियों को प्रतिबिंबित नहीं करता।

लेकिन ठीक यही तर्क भारत, विशेषकर बिहार के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। संजय झा का सवाल है कि तीन दशक पुरानी गणना के आधार पर भारत खुद को एक और लंबे अंतरराष्ट्रीय दायित्व में क्यों बांधे? गंगा का अविरल प्रवाह बिहार में कई हिस्सों में टूट रहा है, नदी के चैनल बदल रहे हैं, कई इलाकों में भूजल संकट गहरा रहा है और दूसरी ओर दक्षिण बिहार के सूखा प्रभावित क्षेत्रों के साथ-साथ उत्तर बिहार के बाढ़ग्रस्त इलाके भी पानी की असमानता से जूझ रहे हैं। ऐसे में जब नदी का व्यवहार ही बदल चुका है तो 1996 के आंकड़ों और फार्मूले को भविष्य के लिए स्थायी मान लेना बिहार के हितों पर भारी पड़ सकता है।

देखा जाये तो फरक्का पर विवाद इस पूरी बहस का सबसे संवेदनशील केंद्र है। बांग्लादेश लंबे समय से फरक्का बैराज को सूखे मौसम में उसके हिस्से के जल प्रवाह में कमी के लिए जिम्मेदार ठहराता रहा है। वहां की ओर से इसे लेकर तीखी भाषा भी इस्तेमाल की गई है। भारत का पक्ष अलग है। भारत फरक्का को बांध नहीं बल्कि एक डायवर्जन संरचना मानता है, जिसका उद्देश्य गंगा के पानी का एक हिस्सा हुगली नदी प्रणाली की ओर मोड़ना है, जबकि शेष प्रवाह बांग्लादेश की दिशा में आगे बढ़ता है। भारत यह भी कहता रहा है कि जल प्रवाह से जुड़ा डेटा संयुक्त नदी आयोग के माध्यम से साझा किया जाता है।

लेकिन अब असली सवाल केवल फरक्का नहीं है। सवाल यह है कि गंगा पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता तय करने से पहले भारत के भीतर गंगा बेसिन वाले राज्यों यानि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के अधिकारों और जरूरतों का वैज्ञानिक आकलन क्यों नहीं होना चाहिए?

यही वह बिंदु है जहां संजय झा की मांग बिहार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। बिहार की आबादी 1996 के मुकाबले काफी बढ़ चुकी है। पीने के पानी, सिंचाई और औद्योगिक जरूरतों का दबाव भी कई गुना बढ़ा है। राज्य को यदि अपनी कृषि, सिंचाई परियोजनाओं और जल प्रबंधन के लिए दीर्घकालिक योजना बनानी है तो उसे पहले से यह पता होना चाहिए कि गंगा बेसिन में उसका वास्तविक और न्यायसंगत हिस्सा कितना है। नई संधि से पहले भारत के भीतर वैज्ञानिक जल आवंटन बिहार के लिए सबसे बड़ा रणनीतिक लाभ हो सकता है।

भारत के लिए भी यह केवल बिहार बनाम बांग्लादेश का प्रश्न नहीं है। गंगा भारत और बांग्लादेश के बीच साझा 54 प्रमुख नदियों वाले व्यापक जल संबंधों का हिस्सा है। यदि भारत बिना घरेलू जल संतुलन तय किए बांग्लादेश को न्यूनतम प्रवाह की गारंटी देता है, तो भविष्य में सूखे के गंभीर वर्षों में अपने राज्यों की जरूरतों और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के बीच टकराव पैदा हो सकता है। इसलिए नई संधि का आधार 1950 के दशक या 1990 के दशक के आंकड़े नहीं, बल्कि वर्तमान हाइड्रोलॉजिकल डेटा, जलवायु अनुमान, वास्तविक प्रवाह और समय-समय पर समीक्षा की व्यवस्था होना चाहिए।

भारत की संसदीय समिति भी इस दिशा में संकेत दे चुकी है कि संधि के नवीनीकरण पर बातचीत में बिहार और पश्चिम बंगाल की चिंताओं, अपडेटेड जल आंकड़ों और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को शामिल किया जाना चाहिए। इसका अर्थ साफ है कि नई व्यवस्था यदि बनती है तो वह पुराने अंकगणित की कॉपी नहीं हो सकती।

दूसरी तरफ, मान लीजिये कि अगर संधि समाप्त हो जाती है और नई संधि नहीं हो पाती तब क्या होगा? ऐसे में संभव है कि बांग्लादेश इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने की कोशिश कर सकता है। ढाका संयुक्त राष्ट्र समेत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जल अधिकार और सूखे के मौसम में जल संकट का सवाल उठा सकता है। इससे भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाने की कोशिश होगी और द्विपक्षीय संबंधों में एक नया तनाव पैदा हो सकता है। बांग्लादेश घरेलू राजनीति में भी गंगा जल को एक संवेदनशील राष्ट्रवादी मुद्दे के रूप में इस्तेमाल कर सकता है।

ऐसे में भारत पर इसका असर केवल कूटनीतिक छवि तक सीमित नहीं रहेगा। जल विवाद सीमा पार सहयोग, नदी प्रबंधन, व्यापार और व्यापक भारत-बांग्लादेश संबंधों को प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि नई दिल्ली के लिए सबसे समझदारी भरा रास्ता न तो आंख बंद करके पुरानी संधि का नवीनीकरण है और न ही जल प्रश्न को अनिश्चितता में छोड़ देना। भारत को इस मौके का इस्तेमाल एक मजबूत, आधुनिक और संतुलित जल रणनीति बनाने में करना चाहिए। पहले अपने राज्यों के हितों का वैज्ञानिक निर्धारण, फिर बांग्लादेश के साथ पारदर्शी बातचीत। नई संधि में वास्तविक प्रवाह के आधार पर आवंटन, छोटे समीक्षा चक्र, जलवायु परिवर्तन के अनुसार संशोधन और असाधारण परिस्थितियों के लिए स्पष्ट प्रावधान किए जा सकते हैं।

बहरहाल, दिसंबर 2026 की समयसीमा इसलिए केवल एक संधि की समाप्ति नहीं है। यह भारत के सामने अपनी गंगा नीति को नए सिरे से लिखने का अवसर है। और अगर इस बार बिहार के हितों, बदलती जलवायु और राष्ट्रीय जल सुरक्षा को केंद्र में रखकर फैसला हुआ, तो नई व्यवस्था केवल कूटनीतिक समझौता नहीं, बल्कि भारत की दीर्घकालिक सामरिक और जल सुरक्षा की मजबूत नींव बन सकती है।

-नीरज कुमार दुबे

आज का राशिफल

मेष

क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

वृष

नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

मिथुन

संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

कर्क

नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

सिंह

यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

कन्या

कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

तुला

मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे। पठन-पाठन में मन लगेगा।

वृश्चिक

रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

धनु

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

मकर

मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

कुंभ

वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

मीन

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपति के लेनदेन में सावधानी रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा।

स्वास्थ्य समाचार

मानसून में हाइड्रेट रहने के लिए पिएं यह ड्रिंक्स, नहीं होगी पानी की कमी

मानसून गर्मी से राहत देता है। लेकिन इस मौसम में शरीर को खास देखभाल की जरूरत होती है। जरा सी लापरवाही से पेट में इंफेक्शन होने के साथ कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में मानसून में ऐसी ड्रिंक्स का सेवन करना चाहिए, जो इम्यूनिटी को बढ़ाने के साथ पाचन को भी हेल्दी रखें। कई बार मानसून में बारिश और उमस के कारण प्यास का अहसास कम होता है। जिस कारण शरीर में डिहाइड्रेशन हो जाता है। कम पानी पीने की वजह से इम्यूनिटी कमजोर होने के साथ पाचन-तंत्र भी खराब रहता हैं। कई बार सिर्फ पानी पीने से शरीर को सभी पोषक तत्व और हाइड्रेशन नहीं मिल पाता है। ऐसे में मानसून में शरीर को हेल्दी और फिट रखने के लिए डिटॉक्स ड्रिंक्स भी पी जा सकती हैं। यह ड्रिंक्स शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर करके शरीर को स्वस्थ रखती है। इन ड्रिंक्स को घर पर आसानी से बनाया जा सकता हैं। इन ड्रिंक्स को पीने से मानसून में होने वाली वायरल बीमारियों का खतरा कम होगा और आंतों की समस्या से भी राहत मिलेगी।

नींबू और पुदीने की ड्रिंक : मानसून में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए नींबू और पुदीने की ड्रिंक भी बनाकर पी जा सकती हैं। इस ड्रिंक को पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ पाचन-तंत्र भी दुरुस्त रहेगा। यह ड्रिंक खाना पचाने में मदद करती है। इस ड्रिंक को बनाने के लिए एक जग में कुछ टुकड़ें खीरे और पुदीने के डाल और नींबू का रस मिलाएं। आपकी डिटॉक्स ड्रिंक तैयार है।

नींबू और अदरक की ड्रिंक : कई बार मानसून में खाना ठीक से पचता नहीं है। जिस कारण अपच की समस्या हो जाती है। ऐसे में शरीर को डिटॉक्स करने के लिए नींबू और अदरक की ड्रिंक बनाकर पी जा सकती है। इस ड्रिंक का पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ शरीर भी हेल्दी रहेगा। इस ड्रिंक को बनाने के लिए एक बॉटल में नींबू की कुछ स्लाइस, पुदीने की पत्तिया और अदरक के 1 से 2 टुकड़ें डालकर मिलाएं। नींबू और अदरक की डिटॉक्स ड्रिंक तैयार है।

स्ट्रॉबेरी और तुलसी की ड्रिंक : मानसून में शरीर को हेल्दी रखने के लिए स्ट्रॉबेरी और तुलसी की ड्रिंक बनाकर पी जा सकती है। यह ड्रिंक पीने से शरीर हाइड्रेट रहने के साथ इम्यूनिटी भी मजबूत होगी। इस ड्रिंक को बनाने के लिए 1 बॉटल में 1 से 2 स्ट्रॉबेरी और तुलसी के पत्तों को कुछ देर डाल कर रखें। उसके बाद इस ड्रिंक को पी लें।

दालचीनी और अदरक की चाय : मानसून में वायरल बीमारियों से बचने के लिअ दालचीनी और अदरक की चाय भी बनाई जा सकती है। इस चाय को बनाने के लिए के लिए 1/2 चम्मच अदरक कद्दूकस किया हुआ और 1/2 चम्मच दालचीनी पाउडर को 1 गिलास पानी में डालकर अच्छी तरह से उबालें। जब पानी आधा रह जाए, तो इसे छानकर गुनगुना होने पर पिएं। यह ड्रिंक पीने से शरीर को एनर्जी भी मिलती है।

सेब, लौंग और दालचीनी की ड्रिंक : मानसून में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए सेब, लौंग और दालचीनी की ड्रिंक बनाकर भी पी जा सकती हैं। यह ड्रिंक बनाने के लिए 1 बॉटल पानी लें। इसमें सेब के कुछ टुकड़े, लौग और दालचीनी की स्टिक को मिलाएं। अब इस ड्रिंक को पिएं। यह ड्रिंक पीने से खाना ठीक से पचेगा और इम्यूनिटी मजबूत होगी।

चेहरे पर एलोवेरा और नींबू लगाने से हो सकते हैं यह नुकसान, इन लोगों को नहीं करना चाहिए इस्तेमाल

स्किन को ग्लोइंग और बेदाग बनाने के लिए लोग तमाम तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। चेहरे पर नेचुरल और आयुर्वेदिक हर्ब्स का इस्तेमाल करने से कई फायदे मिलते हैं। स्किन पर मौजूद दाग-धब्बे, झुर्रियों और पिगमेंटेशन से छुटकारा पाने के लिए नींबू और एलोवेरा का इस्तेमाल करना फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ लोगों के लिए एलोवेरा और नींबू लगाना बहुत नुकसानदायक हो सकता है। वैसे तो एलोवेरा और नींबू का इस्तेमाल लगभग सभी तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स को बनाने में किया जाता है। इनमें मौजूद गुण और पोषक तत्व स्किन के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। एलोवेरा और नींबू में मौजूद औषधीय गुणों के कारण ही इसका इस्तेमाल आयुर्वेद में औषधि के रूप में किया जाता है। एलोवेरा का इस्तेमाल न सिर्फ स्किन के लिए फायदेमंद होता है बल्कि इसका सेवन करने से पेट और पाचन तंत्र को भी फायदा मिलता है। वहीं नींबू के रस का इस्तेमाल आयुर्वेद में बालों, स्किन और पेट से जुड़ी कई गंभीर परेशानियों के इलाज में किया जाता है। लेकिन एलोवेरा और नींबू के रस का इस्तेमाल कुछ लोगों के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे लोग जिनकी स्किन सेंसिटिव है, या चेहरे पर बहुत ज्यादा मुहांसे या पिंपल्स हैं, उन्हें भी एलोवेरा और नींबू के रस का एक साथ इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

पिंपल्स की समस्या : एलोवेरा और नींबू के रस में मौजूद पानी की मात्रा स्किन को बहुत ज्यादा नमी देने का काम करते हैं। ड्राई स्किन में तो इसका इस्तेमाल फायदेमंद होता है लेकिन ऐसे लोग जिनकी स्किन ऑयली या सेंसिटिव है, उन्हें इसका इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। ऑयली स्किन पर बहुत ज्यादा नींबू और एलोवेरा का इस्तेमाल करने से नुकसान होता है।

एलर्जी और रैशेज : कई लोगों को चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाने से एलर्जी की समस्या हो सकती है। दरअसल, एलोवेरा से निकलने वाला एलो-लेटेक्स पदार्थ त्वचा पर रैशेज और जलन का कारण बन सकता है। एलोवेरा और नींबू चेहरे पर लगाने से एलर्जी का खतरा भी रहता है।

स्किन टोन बदलना : चेहरे पर एलोवेरा और नींबू का रस लगाने से स्किन टोन बदलने का खतरा रहता है। ऐसे लोग जिनका रंग थोड़ा डार्क है, उन्हें नींबू के रस का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

एक्ने स्पॉट्स : नींबू और एलोवेरा का नेचर एसिडिक होता है, इसलिए इनका इस्तेमाल करते समय बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। पिंपल्स पर बहुत ज्यादा नींबू लगाने से पिंपल्स फट जाते हैं और इसकी वजह से एक्ने स्पॉट्स हो सकते हैं।

बालों में इस तरह लगाएं नीम का तेल और कपूर मिलेंगे मजबूत और शाइनी बाल

बालों को मजबूत और घना बनाने के लिए सही ढंग से केयर करने की जरूरत होती है। इसके लिए लोग तमाम तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। मार्केट में मिलने वाले ज्यादातर हेयर केयर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं। इनका इस्तेमाल करने से कई तरह के नुकसान का खतरा रहता है। बालों को मजबूत और घना बनाने के लिए नीम का तेल और कपूर लगाने की सलाह दी जाती है। नीम के तेल में एंटी-फंगल और एंटी-सेप्टिक गुण पाए जाते हैं।

वहीं कपूर में मौजूद गुण बालों के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। बालों में मौजूद डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने से लेकर बालों को मजबूत और शाइनी बनाने के लिए कपूर और नीम के तेल का इस्तेमाल फायदेमंद होता है।

बालों को सफेद होने से बचाए : बाल सफेद होने की समस्या से बचाव के लिए कपूर और नीम के तेल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। नीम के तेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को पोषण देने और कम उम्र में सफेद होने से बचाने का काम करते हैं। नीम के तेल में कपूर मिलाकर लगाने से कई फायदे मिलते हैं।

बालों की ग्रोथ बढ़ाए : नीम के तेल और कपूर का इस्तेमाल करने से बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद मिलती हैं। इनमें मौजूद गुण बालों को पोषण देने और जड़ से मजबूत बनाने का काम करते हैं। आप सप्ताह में दो से तीन बार

इसे मिक्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

हेयर फॉल कंट्रोल करने में मददगार : असंतुलित जीवनशैली और खानपान से जुड़ी गलत आदतों के कारण कम उम्र में बाल झड़ने की समस्या आम हो गयी है। हर तीसरा व्यक्ति बाल झड़ने या हेयर फॉल की समस्या से परेशान है। बालों को टूटने से बचाने के लिए नीम के तेल और कपूर का इस्तेमाल फायदेमंद होता है।

डैंड्रफ से छुटकारा दिलाए : बालों और स्कैल्प पर गंदगी जमा होने की वजह से डैंड्रफ या रूसी की समस्या होती है। बालों में मौजूद रूसी हेयर फॉल और ग्रे हेयर का कारण बनती है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए नीम के तेल और कपूर का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है।

बालों को बनाए घना और मजबूत : बालों को घना और मजबूत बनाने के लिए कपूर और नीम के तेल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से आपके बालों को पोषण मिलता है और मजबूती बढ़ती है।

बालों में नीम का तेल और कपूर कैसे लगाएं : इन दिनों गुनगुने पानी से हेयर वॉश करने की वजह से सिर में खुजली और डैंड्रफ जैसी समस्या आम हो जाती है। आप इस समस्या से भी नीम के तेल की मदद से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए नीम के साथ कपूर मिलाएं और तेल का हल्का गुनगुना कर लें। आप तेल की मात्रा अपने बालों की लेंथ के अनुसार लें और उसी के अनुकूल कपूर डालें। इस तैयार तेल को अपने बालों में लगाएं। तेल लगाने के बाद हल्के हाथों से कुछ देर के लिए सिर की मसाज भी करें।

रक्षाबंधन 28 अगस्त को सुकर्मा योग में, इस बार भद्रा रहित मनेगा भाई-बहन का पर्व

निसं

जयपुर (नवयत्न)। भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन इस बार 28 अगस्त, शुक्रवार को सुकर्मा योग में मनाया जाएगा। पंडित राजेश कुमार शर्मा के अनुसार इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। बहनें भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उसकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करेगी, वहीं भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेंगे। पंडित राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त को सुबह 9:10 बजे शुरू होगी और 28 अगस्त को सुबह 9:50 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को मनाया जाएगा।

सुबह 7:38 से 9:50 तक श्रेष्ठ मुहूर्त

राखी बांधने का श्रेष्ठ मुहूर्त 28 अगस्त को सुबह 7:38 से 9:50 बजे तक रहेगा। इस दौरान राखी बांधने के लिए 2 घंटे 12 मिनट का समय मिलेगा। इसके अलावा दोपहर 12:25 से 2:01 बजे तक भी राखी बांधने का शुभ मुहूर्त रहेगा।

सुकर्मा योग में मनेगा पर्व

इस बार रक्षाबंधन पर सुकर्मा योग का संयोग बन रहा है। पंडित शर्मा के अनुसार सुकर्मा योग के स्वामी देवराज इंद्र और नियंत्रक ग्रह मंगल माने जाते हैं। इस योग में किए गए कार्यों में बाधाएं कम होती हैं और सफलता मिलने की मान्यता है।

भद्रा नहीं, राहुकाल में राखी बांधने से बचें

पंडित शर्मा के अनुसार इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। हालांकि 28 अगस्त को राहुकाल सुबह 10:50 बजे से दोपहर 12:25 बजे तक रहेगा। इस दौरान राखी बांधने से बचने की सलाह दी गई है। राहुकाल समाप्त होने के बाद दोपहर 12:25 से 2:01 बजे तक राखी बांधना शुभ रहेगा।

सामाजिक चिंतन शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

राजलदेसर (नवयत्न)। हम कामगार समाज शाखा राजलदेसर की ओर से रविवार को माली-सैनी समाज संस्थान भवन में तहसील स्तरीय सामाजिक चिंतन शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह को लेकर समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में शैक्षणिक जागरूकता, सामाजिक एकता, सकारात्मक चिंतन एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना है। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक विषयों पर चिंतन, समाज के विकास को लेकर विचार-विमर्श तथा शिक्षा और प्रतिभा विकास को लेकर चर्चा की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि समारोह समाज के लोगों को एकजुट करने और नई पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। हम कामगार समाज शाखा राजलदेसर अध्यक्ष जयचंद महावर, सचिव मास्टर लालचंद प्रजापति, कोषाध्यक्ष मांगीलाल रेवाड़िया, संरक्षक लालाराम कुचेरिया, पूर्णाराम सांगवाल, संतोष सुथार, भंवरलाल प्रजापति, पवन तंवर, जगदीश प्रसाद माणधणिया, बाबूलाल चूनवाल, लालदास स्वामी, श्रवण गौड़ सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, समाजबंधु एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रीयूनियन मीट आयोजित, 31 साल बाद 12वीं बैच के मिले दोस्त, पुरानी यादों को ताजा कर हुए गदगद

निसं

खेतड़ी नगर (नवयत्न)। केसीसी के दिनबंधू मैरिज पैलेस में शनिवार को 1995 में कक्षा 12वीं में पढने वाले सहपाठियों का पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया गया। केवी स्कूल नंबर 2 में हुए री-यूनियन मीट समारोह में 31 साल बाद हुई मुलाकात में देश-विदेश से आएं सहपाठियों ने पुरानी यादे ताजा की एक दुसरे से मिल कर चेहरों पर मुस्कान आ गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यापक एचएस यादव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूजनों ने स्कूल प्रवेश द्वार का फीता काट कर किया। इस दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने केवी नंबर 2 स्कूल पहुंच कर प्रार्थना कीए कक्षा कक्ष में अपने अपने अनुभव साझा किए। वही गुरूजनों ने भी पुरानी यादे ताजा की। कार्यक्रम आयोजक रमेश कुमार ने बताया कि केसीसी केंद्रीय विद्यालय नंबर दो में 1995 के 12वीं बैच के दोस्तों ने पुनर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया है। उन्होंने बताया कि चाहे बिजनेस करो, एनआरआई बन जाओ, कुछ भी करो पर दोस्तों से दूर मत जाओ आप चाहे जितनी नेटवर्किंग कर लें, क्लब्स के मेंबर्स बन जाएं पर पुराने दोस्तों को कोई रिप्लेस नहीं कर सकता। इसलिए लाइफ में कुछ भी कर लो, मगर दोस्तों से दूर मत जाओ। पुनर्मिलन समारोह में 31 साल बाद मिले सहपाठियों ने अपने अनुभव सांझा किए। दुबई से आए पंकज जागिड़ ने कहा कि दसवीं-बाहवीं कक्षा में नंबर कम आने से कुछ नही होता, सिर्फ आगे बढने का जज्बा होना चाहिए, थाईलेंड से आए भुपेंद्र प्रकाश ने बताया कि जरूरी नही पर्दे के सामने आने वाला ही आगे बढता है, पर्दे के पीछे रहने वाला भी आगे बढ सकता है, सिर्फ उसे अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। केरला से सिंधु नायर व कलकता से आई स्वाती बेनर्जी ने कहा की विद्यालय की मिट्टी की खुशबू आज भी मन और मस्तिष्क में बसी हुई है। इसी प्रकार बिहार से आई मिनू, नोएड़ा की कंचन, सरीता, श्यामा आदि ने भी अपना अनुभव सांझा किया। पूर्व अध्यापक एचएस यादव ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय खेतड़ी नगर से शिक्षा प्राप्त किए हुए पूर्व छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। किसी भी संस्थान के लिए उसके पूर्व विद्यार्थी वह सशक्त माध्यम होते हैं। जो संस्थान को सदैव नई कीर्तिमान स्थापित करने में सहायता करते हैं। केन्द्रीय विद्यालय दो के छात्र न केवल पूरे देश भर में अपितु विश्वभर में अपने विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवी स्कूल अपने पुराने बच्चों को बुला कर उनके द्वारा बच्चों के साथ अनुभव सांझा करने का प्रयास करती है, उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रोग्राम हर साल मनाने का निर्णय लिया। पुनर्मिलन समारोह में आए सहपाठियों ने गुरूजनों व दुर से आए साथियों को सम्मानित किया। पुनर्मिलन समारोह में 31 साल बाद देश-विदेश के कोने-कोने से मिलने आएं तो अपनी पुरानी यादे ताजा कर गदगद हो गए। सुनिता छिछोलिया व सुरेश कुमार ने आभार प्रकट किया।

संचालन राजकुमार शेखावत ने किया। समारोह में पूर्व अध्यापक एसएस शर्मा, केके शर्मा, केके यादव, दर्शना, जेपी सिंघल, पूर्व छात्र रोहिताश खेदड़, सुरेश सैनी, भगतसिंह, मनोहर सिंह, डॉ. हेमा अग्रवाल, कर्नल ललीताब, अनुप नायर, जयप्रकाश, कंचन, मिनू, अनिता शर्मा, अंशु आदि शामिल हुए।

215 बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित

श्रीराम तिवाड़ी

नोखा (नवयत्न)। महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र एवं जनसेविका सरोज मरोठी के सहयोग से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बिरमसर में सेवा एवं शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक अध्ययनरत 215 बच्चों को स्कूल बैग सहित विभिन्न शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियां, ड्राइंग बुक, अक्षर एवं चित्र ज्ञान पुस्तकें, पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स, पानी की बोतल सहित आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर इंटरनेशनल प्रार्थना एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार हीरावत ने संस्था एवं केंद्र द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों तथा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। केंद्र उपाध्यक्ष अनिल कुमार जैन ने कहा कि यदि हमारे पास आवश्यकता से अधिक संसाधन हैं तो समाज में जरूरतमंद व्यक्ति अथवा परिवार की सहायता कर उसे संबल प्रदान करना ही मानव धर्म है। महावीर इंटरनेशनल इसी मानव धर्म का पालन करते हुए बच्चों के शैक्षिक उन्नयन के लिए निरंतर सहयोग कर रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदयाल विश्नोई ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी सामाजिक संस्था का प्रमुख उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना होता है। महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र इसी भावना के साथ निरंतर समाजसेवा के कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौड़, केंद्र सचिव बाबूलाल कांकरिया, ईश्वरचन्द दूगड़, भंवरलाल पींचा, मोहनलाल पारख, सिकरचंद पींचा, भंवरलाल छींपा, अनवर अली निर्वाण, शारदादेवी दूगड़, अंजू हीरावत, मानसी पारख, परमेश्वरलाल भादू, भींयाराम खत्री, जोगाराम एवं गोपाललाल शर्मा सहित संस्था के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामवासी नारायण सिंह मांगलिया, दुलाराम गोदारा, ईश्वरराम गोदारा एवं राजाराम गोदारा सहित विद्यालय का स्टाफ एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश विश्नोई ने महावीर इंटरनेशनल एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप सारस्वत एवं ममता चौधरी ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

गौ माता घोषित हो राष्ट्रीय माता के लिए हरिद्वार से कावड़ लेकर आ रहा शिव भक्त

नंदलाल गौड़

लोसल (नवयत्न)। लोसल खूड के नजदीक एक छोटा गांव झूण का बास के एक गौ माता भक्त युवक ने गौ माता के प्रति आस्था की मिसाल पेश की है । राकेश कुमार गोस्वामी ने हरिद्वार से कावड़ लेकर सात सौ किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा कर सोमवार को अपने पैतृक गांव में भगवान भोलेनाथ के उनकी मनोकामना पूरी के लिए जल चढ़ाएंगें। गौ माता राष्ट्रीय माता घोषित के लिए यह शिव भक्त शिव का द्वार हरिद्वार से कावड़ लेने गया था। पवित्र तीर्थ स्थल हरिद्वार से कावड़ लेकर पैदल वापस आ रहा शिव भक्त रविवार को लोसल खूड के नजदीक अपने पेतृक गांव झूण का बास पहुंचेंगा। हरि एवं शिव का द्वार हरिद्वार से यह शिव भक्त राकेश कुमार गोस्वामी 3 अगस्त को कावड़ लेकर रवाना हुआ था और शनिवार रात को लोसल पहुंचने की जानकारी मिल रही हैं। बस स्टैंड पर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा । करीब सात सौ किलोमीटर की पैदल यात्रा कर लोसल बस स्टैंड पर स्थित बालाजी का मंदिर में रूकेगा और सुबह अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो जाएगा । गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित के लिए यह शिव भोलेनाथ का भक्त झूण का बास में सोमवार को बाबा भूतनाथ पर जलाभिषेक कर अभिषेक करेगा।

स्कूल निरीक्षण को लेकर सीजेपी-ग्रामीण विवाद के बीच स्कूल शिफ्ट

दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज

निसं

जयपुर (नवयत्न)। बगरू विधानसभा क्षेत्र के रामपुरा-कंवरपुरा गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल के निरीक्षण को लेकर शुक्रवार को सीजेपी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के बीच हुआ विवाद शनिवार को भी जारी रहा। दोनों पक्षों ने शिवदासपुरा थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत देकर मारपीट और हुड़दंग के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं विवाद के करीब 24 घंटे बाद शनिवार सुबह स्कूल को पुरानी जर्जर इमारत से करीब 50 मीटर दूर गांव के एक भवन में शिफ्ट कर दिया गया। यहां 16 से अधिक बच्चे पढ़ने पहुंचे। एसीपी चाकसू भवानी सिंह ने बताया कि सीजेपी की टीम सरकारी स्कूल का निरीक्षण करने रामपुरा-कंवरपुरा पहुंची थी। निरीक्षण के दौरान टीम और ग्रामीणों के बीच झड़प हुई। जिसमें मारपीट की स्थिति बनी। दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर संबंधित पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सीजेपी का आरोप पथराव कर कार्यकर्ताओं से मारपीट

सीजेपी के सह-संयोजक एवं प्रवक्ता आशुतोष रांका ने आरोप लगाया कि उनकी टीम स्कूल का निरीक्षण करने पहुंची थी। लेकिन गांव में पहुंचते ही उन्हें रोक दिया गया। रांका के अनुसार कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई, पथराव हुआ, वाहनों के शीशे तोड़े गए और कुछ कार्यकर्ताओं के कपड़े तक फाड़ दिए गए। उन्होंने इसे सुनियोजित हमला बताते हुए आरोप लगाया कि बाहर से लोगों को बुलाया गया था। रांका ने दावा किया कि घटना में शामिल बताए जा रहे कुछ लोग बाद में स्थानीय विधायक कैलाश वर्मा के साथ नजर आए। उन्होंने कहा कि सीजेपी ने घटना से संबंधित वीडियो सार्वजनिक किए हैं और दूसरे पक्ष से भी उपलब्ध वीडियो सार्वजनिक करने की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस को निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

उपमुख्यमंत्री बोले शिक्षा के स्थान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि शिक्षा के स्थान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और सरकार हिंसा का भी विरोध करती है। यदि घटना में किसी ने गलत किया है तो पुलिस जांच कर रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के सामने या उनके बीच राजनीति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इसका उनकी पढ़ाई और मानसिकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बच्चों को शिक्षा, नवाचार और अच्छे संस्कारों के माध्यम से आगे बढ़ाना ही प्राथमिकता होनी चाहिए।

ग्रामीणों का आरोप गांव में दहशत का माहौल

वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सीजेपी के लोग बड़ी संख्या में गांव पहुंचे और स्कूल निरीक्षण के नाम पर ग्रामीणों से विवाद किया। ग्रामीणों का कहना है कि उनके आने से गांव का माहौल खराब हुआ और बच्चों में डर पैदा हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग हथियार लेकर आए थे और ग्रामीणों को डराया-धमकाया गया। ग्रामीणों ने सीजेपी के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल की जर्जर स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने इसे दूसरी जगह शिफ्ट किया है। उन्होंने कहा कि आगे सीजेपी को गांव में आकर माहौल खराब करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रताप नगर में पुलिस पहुंचने पर भी विवाद

विवाद के बाद सीजेपी प्रवक्ता ने प्रताप नगर थाना पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप भी लगाया। रांका का कहना है कि करीब 15 पुलिसकर्मी एक सीजेपी कार्यकर्ता के घर पहुंचे और उनके तथा परिवार के बारे में पूछताछ की। उन्होंने इसे डराने का प्रयास बताया। वहीं डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज वर्मा के अनुसार शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर घटनाक्रम की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस मौके का नक्शा तैयार कर रही है और मामले से जुड़े साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है। जिस पक्ष की जो भूमिका सामने आएगी, उसके अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के सामने अब शुक्रवार को हुई झड़प के कारणों, दोनों पक्षों की भूमिका, वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों की जांच कर पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की चुनौती है। इसके बाद कांग्रेस भी सरकार पर हमलावर हो गई है। टीकाराम जूली समेत अन्य कांग्रेस ने सीजेपी के सुर में सुर मिलाते हुए स्कूलों की बदहाली पर सवाल उठाए।

50 मीटर दूर भवन में पढ़ने लगे बच्चे

इधर विवाद के बाद शनिवार को सरकारी स्कूल को पुरानी इमारत से करीब 50 मीटर दूर गांव के एक घर में शिफ्ट किया गया। ग्रामीण रविशंकर शर्मा के अनुसार गांववालों की सहमति से भवन स्कूल संचालन के लिए उपलब्ध कराया गया है। यहां पहले किराना की दुकान चलती थी। अब इसी भवन में बच्चों की कक्षाएं लगाई जा रही हैं। मौके पर दो शिक्षक भी बच्चों के साथ मौजूद रहे। हालांकि नए स्थान पर भी व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठे। बच्चों को कमरे के बाहर धूप में बैठकर पढ़ते देखा गया। एक कमरे का पंखा खराब होने की बात भी बच्चों ने बताई। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि गांव में स्कूल के स्थायी भवन का जल्द निर्माण या मरम्मत कराया जाए।

विधायक कैलाश वर्मा ने ग्रामीणों से की मुलाकात

बगरू विधायक कैलाश वर्मा शनिवार शाम रामपुरा गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने स्कूलों की स्थिति को लेकर सीजेपी के अभियान पर सवाल उठाते हुए कहा कि गांवों के स्कूलों को खंडहर या तबेला बताना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि गांवों में किसानों और पशुपालन से जुड़ी व्यवस्थाएं परंपरा का हिस्सा हैं। वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकारी विद्यालयों में व्यवस्थाएं सुधारने के लिए राशि जारी की है और बगरू विधानसभा क्षेत्र में 60 से अधिक स्कूलों में काम कराया गया है। उन्होंने कहा कि वे राजा हरिश्चंद्र नहीं हैं कि एक फूंक मारकर सभी स्कूल ठीक कर दें। उन्होंने सीजेपी के अल्टीमेटम पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोग राजनीतिक षड्यंत्र के तहत गांवों में माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

सीजेपी ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया

सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि संगठन स्कूलों की स्थिति सुधारने और बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के मुद्दे पर अपना अभियान जारी रखेगा। उन्होंने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के इस्तीफे की मांग को आंदोलन का अगला मुद्दा बनाने की बात कही और 48 घंटे में मांगें नहीं माने जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। सीजेपी ने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें स्कूलों का निरीक्षण करने पर प्रतिबंध संबंधी आदेश वापस लेना, कार्यकर्ताओं पर हमला करने के आरोपियों की गिरफ्तारी और जिस स्कूल में कथित रूप से पशुओं के तबेले जैसी स्थिति होने का आरोप है, उसकी तत्काल मरम्मत शुरू करना शामिल है।

नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता कमर कस लें : गोदारा

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को यूनियन क्लब अतिथि भवन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष खेमचंद बरडिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा रहे। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष हंसराज पारीक, ओमप्रकाश कटारिया, मुश्ताक खान, अयूब बगड़, भागीरथ रेगर, मनफूल टांडी, चंद्रप्रकाश घिंटाला, जीतूराम मेघवाल सहित कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में आगामी नगर पालिका चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए गए। पूर्व पालिका अध्यक्ष हंसराज पारीक ने आगामी चुनाव में एकजुट होकर कांग्रेस का बोर्ड बनाने का भरोसा जताया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष खेमचंद बरडिया ने कहा कि कांग्रेस सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी और डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि कांग्रेस में टिकट वितरण के दौरान जीताऊ और टिकाऊ उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी में 50 प्रतिशत नव युवकों को भी अवसर दिया जाएगा। गोदारा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में नगर पालिका में भ्रष्टाचार और घोटालों का बोलबाला रहा है। उन्होंने दावा किया कि कस्बे की गलियों और चौराहों पर भ्रष्टाचार को लेकर लोगों में चर्चा है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस का बोर्ड बनने पर शहर के विकास को नई गति दी जाएगी। बैठक में मौजूद कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका में दोबारा कांग्रेस का बोर्ड बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के युवा नेता मनीष सोनी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में एडवोकेट गोविंद, गोपाल दाधीच, आरिफ बगड़, लालाराम कुचेरिया, लाभचंद सोनी, गोपी सोनी, भवानी कच्छावा, प्रकाश खटीक, दीनदयाल खटीक, मिर्जाराम मेघवाल, ताराचंद वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, राजेश स्वामी, जुगल किशोर प्रजापत, सीताराम मेघवाल, कर्मचंद सुथार, नारायण सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वर्णकार की दुकान पर चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। सब्जी मंडी के पास स्थित राजेन्द्र प्रसाद सोनी की दुकान पर ढाई किलो चांदी के जेवर चोरी हो जाने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी के जेवरात बरामद कर लिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानगढ़ पवन कुमार, वृताधिकारी अनुज शुभम आरपीएस के सुपरविजन में कोतवाली सीआई मुकेशचंद के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने ये सफलता हासिल की है। सीआई मुकेश्चंद ने बताया कि घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये, कस्बा में व आस-पास संदिग्ध स्थानों पर तलाश की गयी। टीम के अथक प्रयासों से आरोपी नदीम उर्फ राजू पुत्र फारूक उर्फ सेठी पलदार निवासी वार्ड नं 8 धिंगानिया बास सुजानगढ़ व मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद आरीफ निवासी धिंगानिया बास, बिजली बोर्ड के पास कस्बा सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से चोरी किये गये सामान चांदी के आभूषण व नकदी रूपए बरामद किये गए हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है।

108 सामूहिक आसन पर संगीतमय श्रीरामचरितमानस पाठ शुरू

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। शहर अजीतगढ़ स्थित कौशल्या दास मंदिर में शनिवार से 108 सामूहिक आसन पर श्रीरामचरितमानस का संगीतमय पाठों का धार्मिक आयोजन त्रिवेणीधाम संत रामरिछपाल दास महाराज एवं डाकोर धाम संत रामरतनदास महाराज के सान्निध्य में शुरू किया गया। आयोजन समिति के हरिशंकर गौरीशंकर हरितवाल ने बताया कि शनिवार से मंदिर परिसर में 108 आसन पर सामूहिक रूप से संगीतमय श्रीराम चरितमानस पाठ का आयोजन शुरू हुआ, जिसका समापन रविवार को होगा। शुभारंभ के शुभ अवसर पर शनिवार को आशीर्वचन देते हुए संत रामरिछपालदास महाराज ने कहा कि हर व्यक्ति को धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। डाकोर धाम संत रामरतन दास महाराज ने कहा कि श्रीरामचरितमानस के पाठ तन्मयतापूर्वक सुनने से मनुष्य के सभी पापों का नाश हो जाता है। इस अवसर पर कौशल्या दास मंदिर संत रामअनुग्रह दास महाराज ने भी प्रवचन दिए। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी साधु संतों का अभिनंदन किया एवं विदाई दी गई। इस अवसर पर हरिशंकर हरितवाल, गौरीशंकर हरितवाल, आरएसएस के सह प्रांत प्रमुख विशाल कुमार, विश्व हिंदू परिषद के विष्णु दत्त शेट्टी, विश्व हिंदू परिषद महामंत्री मोहनलाल पारीक, सीए नितिन जोशी, भंवरलाल यादव, नवनीत भारद्वाज, सांवरमल, केदार, उमेश, रामावतार, भाजपा नेता जीएल टेलर, क्षेत्रीय विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश शर्मा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

चूरू (नवयत्न)। चूरू की कोतवाली थाना पुलिस ने कारवाई करते हुए शहर में होने वाली किसी बड़ी वारदात से पहले देशी कट्टा के साथ सरदारशहर निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना के एएसआई सुरेश कुमार ने बताया शीतला चौकी के पास नाकाबंदी के दौरान जरिए मुखबिर सूचना मिली की बाइक सवार एक शख्स जिसके पास अवैध हथियार हो सकता है वह शहर में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। जिस पर बाइक सवार सरदारशहर निवासी कैलाश सैनी को रोककर पूछताछ की गयी तो आरोपी संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया और तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। एएसआई सुरेश कुमार ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर हथियार और बाइक जब्त कर ली और आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं मे मामला दर्जकर मामले की जाँच शुरू कर दी। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है की आरोपी अवैध हथियार कहा से लाया था और चूरू में कहा वारदात को अंजाम देने जा रहा था।

आम सूचना

Truhome Finance Limited शाखा तारानगर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शाहरुख खान पुत्र निवासी तारानगर जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 1250 वर्ग फिट वाके वार्ड नम्बर 13, बिसायती मोहल्ला, तहसील तारानगर, जिला चूरू जो उक्त सम्पति का पट्टा नगर पालिका तारानगर द्वारा बरकत अली व अली मोहम्मद पुत्रगण अमरु खान बिसायती के नाम से पट्टा नंबर 142 तादादी 625 दरगज का दिनांकित 11.03.1959 का जारी शुदा है तत्पश्चात बरकत अली ने अपना हिस्सा तादादी 1250 वर्ग फीट जरिये विक्रय पत्र दिनांकित 28.04.1970 को अब्दुल पुत्र मुबारकदीन भड़भूजा को विक्रय की तत्पश्चात अब्दुल ने उक्त सम्पति की वसीयत दिनांकित 07.07.1999 को इस्माइल पुत्र अब्दुल भड़भूजा को कर दी तत्पश्चात इस्माइल ने उक्त सम्पति जरिये विक्रय पत्र दिनांकित 06.04.2022 को प्रार्थी के नाम से खरीद शुद है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Truhome Finance Limited शाखा तारानगर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहती है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Truhome Finance Limited शाखा तारानगर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

भरत व्यास एडवोकेट, मो. 7877480007, 7877470007

एमजेडी महाविद्यालय में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं

तारानगर (नवयत्न)। माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में शनिवार को ईएलसी (निर्वाचन साक्षरता क्लब) द्वारा मतदान जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला के माध्यम से मेरा वोट, मेरा अधिकार संदेश के साथ मतदान जागरूकता कार्यक्रम करवाया गया। ईएलसी प्रभारी योगिता ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नगर निकाय आम चुनाव 2026-27 में मतदान जागरूकता हेतु हाथ से हाथ मिलाए मतदान की अलख जगाएं थीम पर मानव श्रृंखला बनाकर लोकतंत्र में मतदान के महत्व को रेंखाकित करते हुए उत्साह व जोश के साथ नारे लगाकर प्रचार-प्रसार किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मूल चन्द ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, प्रत्येक मतदाता को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए एवं सभी विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता हेतु बढ़-चढकर प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. कैलाश चन्द्र वर्मा, एनसीसी प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद कस्वां, ईएलसी सदस्य गोगराज निठारवाल, रोवर प्रभारी डॉ कमल कुमार, रेंजर प्रभारी अंकिता चौधरी, अनिल कुमार शर्मा व अन्य महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

शिव महापुराण कथा में माता शक्ति एवं भगवान शिव के प्रसंग का हुआ वर्णन

निसं

तारानगर (नवयत्न)। शहर के वर्षा कंदोई गेस्ट हाउस में पंडित जितेंद्र शर्मा के सानिध्य में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव की कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा के दौरान शनिवार को माता शक्ति और भगवान शिव से जुड़े प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। कथावाचक पंडित जितेंद्र शर्मा ने भगवान शिव और माता शक्ति के प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं आध्यात्मिक संदेश दिया। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा, माता शक्ति की श्रद्धा तथा शिव भक्ति से जुड़े प्रसंगों का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। कथा स्थल पर भक्ति का माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा कथा में सहभागिता करते हुए भगवान शिव के जयकारे लगाए गए। कथा स्थल पर धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार शिव महापुराण कथा का समापन 23 अगस्त को किया जाएगा। समापन अवसर पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की भक्ति, धार्मिक आस्था और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में लगातार उत्साह बना हुआ है।

इलेक्ट्रिक उपकरणों की गुणवत्ता के बारे में दी जानकारी

अबूबकर बल्खी

लाडनूं (नवयत्न)। मदीना इलेक्ट्रिकल्स के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कंपनी की ओर से आए प्रतिनिधियों ने इलेक्ट्रिकल उपकरणों की गुणवत्ता एवं उनकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कंपनी की ओर से कुशाल सिंह जैन, डायरेक्टर गोविंद सिंह, पवन कुमार एवं कमलेश कुमार जैन ने स्विच, वायर, लाइट सहित विभिन्न इलेक्ट्रिकल उत्पादों की गुणवत्ता, उपयोगिता एवं तकनीकी विशेषताओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में लाडनूं के गणमान्य नागरिकों के साथ इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर तथा बिल्डिंग लाइन से जुड़े ठेकेदारों ने भाग लिया। इस दौरान कंपनी के उत्पादों को लेकर उपस्थित लोगों ने जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। कार्यक्रम के अंत में शकूर खान मोयल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

रक्तदान शिविर आयोजित

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में 21 से 25 अगस्त तक चलाए विश्व बंधुत्व रक्तदान महा अभियान के तहत स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर केंद्र संचालिका बीके सुप्रभा, बीके बसंती, एडवोकेट टेकचंद कटारिया, राम अवतार ठठेरा, सुरेश कुमार मुरारका व सीताराम शर्मा ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। शहर के 25 से ज्यादा लोगों ने अपना रक्तदान किया। केंद्र संचालिका बीके सुप्रभा ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरिये विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रसासिका डॉ दादी प्रकाशमणि के 19 में स्मृति दिवस पर पूरे भारत में 21 अगस्त से 25 अगस्त तक डेढ़ लाख यूनिट देने का लक्ष्य रखा है, यही दादीजी को सच्ची श्रद्धांजलि है। एडवोकेट टेकचंद कटारिया ने कहा रक्तदान बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है जो समर्थ है उन्हें रक्त का दान कर महा पुण्य का कार्य करना है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने ब्लड सेंटर राजकीय डीबी संबंध चिकित्सालय वर्ग चूरू से 10 स्टाफ की टीम ने अपनी सेवा देकर इस कार्य को सफल बनाया।

कार्यालय ग्राम पंचायत नूआ
पंचायत समिति मण्डावा, झुंझुनूं (राज.)

क्रमांक : 55 दिनांक : 20-08-2026

पट्टा आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज. पंचायत राज नियम 1996 के नियम 157 (1) के अधीन निम्न प्रार्थियों ने आबादी भूमि का पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। ग्रा.पं. में पूर्व में जारी पट्टों का रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण किसी पुराने पट्टे की भूमि पर पट्टा जारी होने या अन्य किसी मिलती जुलती की संभावना को देखते हुए आमजन व आवेदकों के भाई, रिश्तेदार या पड़ोसियों को उनके एकल स्वामित्व से संबंधित कोई आपत्ति हो तो ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के पत्र क्र. एफ 4 (16) प रा वि/विधि/ग्रामीण सेवा शिविर-2026/ई-84254 दिनांक 11.06.2026 (राजकाज रेफ नं. 23501905 दिनांक 20.07.26) के अनुसार आगामी दिनांक 27.08.2026 तक ग्रा.पं. कार्यालय में दस्तावेज़ सहित अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं, उसके बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। अत: आपत्ति नोटिस जारी दिनांक से आगामी दिनांक 27.08.2026 तक आमंत्रित की जाती है। इसके साथ ही जिन आवेदकों ने आवेदन पत्र के साथ अपने राशन कार्ड, आधार कार्ड, विधुत/पानी बिल, भूमि का नक्शा, स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र व दो फोटो आज दिनांक तक नहीं दिए हैं। वह आगामी पाँच दिवस में कार्यालय समय में जमा करवाएं, अन्यथा इसके अभाव में पट्टा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

नोट:- ग्रा.पं. में पूर्व में जारी पट्टों का रिकॉर्ड आंशिक उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में कोई व्यक्ति उस भूखण्ड का दोबारा पट्टा बनवाता है या तथ्य छुपाता है तो आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा तथा ज्ञात होने पर वर्तमान में जारी पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जाएगा। पट्टा निरस्त होने के उपरांत आवेदक किसी भी प्रकार का दावा प्रस्तुत करके हर्जाने का हकदार नहीं होगा। आवेदनकर्ता द्वारा किसी जगह से संबंधित गलत तथ्य पाए जाने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। जिसमें ग्रा.पं. की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	पिता/पति का नाम	पता
1	श्रीमती संतोष देवी	श्री जगदेव सिंह	ग्राम नूआ-पोस्ट नूआ
2	श्री निसार खान	श्री ईसे खान	ग्राम नूआ-पोस्ट नूआ

पट्टा नवीनकरण

प्रशासक
ग्राम पंचायत नूआ
पं. स. मण्डावा (झुंझुनूं)

कार्यालय ग्राम पंचायत बागोरिया की ढाणी
पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/49 दिनांक :- 18.08.2026

ई-निविदा सूचना

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बागोरिया की ढाणी में विभिन्न कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

ई-निविदा संख्या	NIB CODE	UBN CODE	TENDER ID
03/2026-27	ZJU2627A0632	ZJU2627WSOB01239	2026_PRD_591736_1
04/2026-27	ZJU2627A0633	ZJU2627SSRC01240	-

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत बागोरिया की ढाणी से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत बागोरिया की ढाणी
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बागोरिया की ढाणी
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

कार्यालय ग्राम पंचायत निवाई
पंचायत समिति नवलगढ़

जिला झुन्झुनूं (राज.)

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/239 दिनांक:- 18/08/2026

ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत निवाई पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।

NIB NO. ZJU2627A0631
UBN NO. ZJU2627SSRC01238

प्रशासक
ग्राम पंचायत निवाई
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत निवाई
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

कार्यालय ग्राम पंचायत कुमावास
पंचायत समिति नवलगढ़

जिला झुन्झुनूं (राज.)

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/266 दिनांक:- 18/08/2026

ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुमावास पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।

NIB NO. ZJU2627A0630
UBN NO. ZJU2627SSRC01237

प्रशासक
ग्राम पंचायत कुमावास
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कुमावास
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बीदासर जिला चूरू
रेखा बनाम बजरंग आदि
दावा विभाजन व चिर निषेधाज्ञा की डिक्री बाबत
वाद संख्या 29 सन् 2026

1. बजरंग पुत्र भीकमचन्द जाति दर्जी निवासी बीदासर तहसील बीदासर जिला चूरू
2. बेला पत्नि रणजीतकुमार जाति महाजन निवासी बीदासर तहसील बीदासर जिला चूरू
3. राकेशकुमार पुत्र हंसराज बैद जाति महाजन निवासी बीदासर जिला चूरू
4. दीपादेवी पत्नि लिखमाराम जाति जाट नि. बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
5. जगदीश पुत्र लिखमाराम जाति जाट नि. बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
6. बिशनाराम उर्फ किशनाराम पुत्र लिखमाराम जाति जाट निवासी बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
7. भगवानाराम पुत्र लिखमाराम जाति जाट निवासी बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
8. लालुराम उर्फ लालाराम पुत्र लिखमाराम जाति जाट निवासी बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
9. सांवरा पुत्र लिखनाराम जाति जाट नि. बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
10. कमला पुत्री लिखमाराम जाति जाट नि. बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
11. गीता पुत्री लिखमाराम जाति जाट नि. बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
12. नोरती पुत्री लिखमाराम जाति जाट नि. बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
13. लिछमा पुत्री लिखमाराम जाति जाट नि. बीदासर हाल ढाणी पोटलियान तह. बीदासर जिला चूरू
14. चोथमल पुत्र भीकमचन्द जाति दर्जी निवासी बीदासर तहसील बीदासर जिला चूरू
15. हनुमानमल पुत्र हिराला जाति दर्जी निवासी बीदासर तहसील बीदासर जिला चूरू

वादीगण ने आपके विरूद्ध विभाजन व चिर निषेधाज्ञा की डिक्री प्राप्ति हेतु वाद पंजीयन किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 24-9-26 को दिन में 10 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए जाते हों और इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उतर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज तारीख 17.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से
रीडर
उपखण्ड अधिकारी
बीदासर

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

निसं

तारानगर (नवयत्न)। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुभाष चन्द्र बोला उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं उनकी देखभाल करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ अंकिता के निर्देशन में हुआ। साथ ही डॉ अमिता, डॉ अरशद, रेखा नेहरा आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और छात्राओं का मार्गदर्शन किया। साथ ही नए सत्र में एनएसएस में छात्राओं का पंजीकरण भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

शारीरिक शिक्षक आलड़िया को मिलेगा राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान-2026

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। मानव जन जागृति संस्थान, जयपुर द्वारा 6 सितंबर को आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान समारोह 2026 क्षेत्र के निवासी शारीरिक शिक्षक अशोक आलडिया को मिलेगा। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कंडेला ने बताया कि निर्धारित अवधि में इस सम्मान हेतु राज्य भर से प्राप्त 491 आवेदनों में से शिक्षा, पर्यावरण, भामाशाह प्रेरक एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राजस्थान के 50 शिक्षक शिक्षकों का राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान 2026 सम्मान हेतु चयन किया गया। अत: शिक्षा, खेलकूद, पर्यावरण, भामाशाह प्रेरक, विद्यालय विकास एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए शारीरिक शिक्षक अशोक आलडिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नूवां रतनगढ़ का चयन हुआ है ।

बुहाना में भाजपा ने चुनावी तैयारी तेज की, पार्षद दावेदारों ने प्रभारी को सौंपे फॉर्म

मधु दहिया

बुहाना (नवयत्न)। नगर पालिका चुनाव को लेकर बुहाना में भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को कुमावत धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न वार्डों से पार्षद पद के दावेदारों ने पार्टी प्रभारी प्रवासी रोहिताश फोजदार और कृष्ण यादव को अपने नामांकन फॉर्म सौंपे। फॉर्म जमा कराने के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रतनसिंह तंवर ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि पार्टी जिस कार्यकर्ता पर विश्वास जताती है, उसके निर्णय का सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ मैदान में उतरें और पार्टी को जीत दिलाकर संगठन को और मजबूत बनाएं। भाजपा के कार्यक्रम में चुनावी रणनीति और संगठन की एकजुटता पर जोर दिया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजपालसिंह, चेयरमैन दशरथ सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, मंडल महामंत्री राजेश रांगेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल नाड़िया और पूर्व महामंत्री राजेंद्र प्रसाद सैन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्षद पद के दावेदारों द्वारा फॉर्म जमा किए जाने के साथ ही बुहाना नगर पालिका चुनाव को लेकर भाजपा की सक्रियता बढ़ गई है।

गौड़ विप्र वरिष्ठतम सम्मान समारोह आयोजित

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति रतनगढ़ द्वारा विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में गौड़ विप्र वरिष्ठ सम्मान समारोह का आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रम में दस वरिष्ठ सदस्यों पांच पुरुष टोरमल चौमाल पुत्र स्व. सांवर मल चौमाल, रामप्रताप सिंवाल पुत्र पोकर मल सिंवाल, लक्ष्मी नारायण इंदौरिया पुत्र सुखदेव इंदौरिया, श्याम लाल व्यास पुत्र सूरज मल व्यास, बजंरग लाल आत्रेय पुत्र देवाराम आत्रेय एवं पांच महिला इंद्रमणि पत्नी महावीर प्रसाद, बनारसी देवी पत्नी मोहन लाल शर्मा, गायत्री देवी पत्नी किशोर कल्पनाकांत, विमला देवी पत्नी स्व. भोजराज गौड़, गीता देवी पत्नी गोविन्द प्रसाद का शॉल, दुपट्टा, श्रीफल, अभिनन्दन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किया। समिति अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत, सुशील इंदौरिया, विनोद इंदौरिया, विष्णुदत्त, सुरेन्द्र हारित, हरि प्रसाद बुटालिया, मनोहर लाल चौमाल, अरविंद महर्षि, अनिल आत्रेय, युवक संघ अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा ने महिला मंडल अध्यक्ष यशोदा शर्मा, कुसुम सांखोलिया, बबीता, मधु सहित समाज के गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

निकाय चुनाव से पहले भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने का दिया मंत्र

निसं

बीदासर (नवयत्न)। कस्बे की राधाकृष्ण हवेली में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी की अध्यक्षता में आयोजित सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी निकाय चुनाव में पार्टी की जीत के लिए पूरी एकजुटता और समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। राठौड़ ने कहा कि बीदासर में पिछले करीब 20 वर्षों से भाजपा का बोर्ड बनता आ रहा है। इस परंपरा को आगे भी कायम रखने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ चुनावी तैयारियों में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का अध्यक्ष बनाने के लक्ष्य को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि पार्टी की ओर से ऐसे कार्यकर्ता को टिकट मिले, जो चुनाव जीतने में सक्षम होने के साथ-साथ संगठन के प्रति निष्ठावान और लंबे समय तक संगठन को मजबूत करने वाला हो। राठौड़ ने पालिका क्षेत्रों के प्रभारियों से भी योग्य एवं जिताऊ कार्यकर्ताओं के चयन की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यकर्ताओं में समन्वय जरूरी : दाधीच

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि प्रदेश के सभी नगर निकायों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय, संवाद और एकजुटता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की रीति-नीति और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर जनसंपर्क अभियान चलाए जाएंगे। दाधीच ने बताया कि पार्टी की विचारधारा और नीतियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से महिला सम्मेलन, अनुसूचित जाति सम्मेलन, युवा सम्मेलन तथा नवमतदाता सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यकर्ताओं की भावनाओं का रखा जाएगा ध्यान : शर्मा

भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और पार्टी में कार्यकर्ताओं की भावनाओं एवं मेहनत का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण के दौरान सभी कार्यकर्ताओं की भावनाओं और संगठन हित को ध्यान में रखा जाएगा। शर्मा ने कहा कि टिकट घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार के मतभेद को पीछे छोड़ते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरना होगा। संगठन की एकजुटता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर आगामी निकाय चुनाव में सफलता हासिल की जाएगी।

कई वरिष्ठ नेताओं ने किया संबोधित

सभा में जिला सह प्रभारी मधु कुमावत, निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, मंडल प्रभारी देवकिशन मारू सहित अन्य भाजपा नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी, वरिष्ठ भाजपा नेता सांचियायलाल बेद, जुगल किशोर मोदी, महामंत्री गोपाल प्रजापत, ललित माली, सांवर मल सैन, सुरेंद्र सुथार, जयप्रकाश दर्जी, शिवकुमार टांटिया, डूंगरमल सिंघी, मुरलीधर स्वामी, रामनिवास माली, बबलू शर्मा, मांगीलाल भोभरिया, एडवोकेट सज्जन चोटीया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के दौरान आगामी निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

376 विद्यार्थियों को 21.38 लाख की छात्रवृत्ति, टॉप करने पर अगले साल की फीस भी देगा संघ

निसं

नवलगढ़ (नवयत्न)। नवलगढ़ नागरिक संघ, मुंबई की ओर से शुक्रवार शाम मानसिंहका धर्मशाला में 25वां छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शहर के विभिन्न निजी शिक्षण संस्थानों के 376 जरूरतमंद एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को कुल 21 लाख 38 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। समारोह में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. के. डी. यादव, नवलगढ़ नागरिक संघ, मुंबई के सह-सचिव विजय अग्रवाल, सुमंत अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल तथा नवलगढ़ नागरिक संघ की स्थानीय समिति के चेयरमैन कैलाश चंद्र सिंगडोदिया मंचस्थ रहे। स्थानीय समिति के पदाधिकारियों ने मंचस्थ अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर एवं स्वागत कर अभिनंदन किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि नवलगढ़ नागरिक संघ, मुंबई पिछले लगभग 25 वर्षों से जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा कार्य कर रहा है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी प्रतिभावान विद्यार्थी की शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए समाज द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया सहयोग सबसे उत्तम और दूरगामी प्रभाव वाला सहयोग होता है, क्योंकि शिक्षा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे समाज का भविष्य बदलने की क्षमता रखती है।वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. के. डी. यादव ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना सराहनीय कार्य है, क्योंकि इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति का सदुपयोग करते हुए मन लगाकर अध्ययन करने और अपने परिवार, शिक्षण संस्थान तथा समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार गुप्ता (बिरोलिया) ने अपने उद्बोधन के माध्यम से नवलगढ़ नागरिक संघ, मुंबई के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का अभिनंदन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा लंबे समय से शिक्षा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में निरंतर सहयोग किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल शर्मा ने किया। रविशंकर धूत ने कार्यक्रम में उपस्थित मंचस्थ अतिथियों, नवलगढ़ नागरिक संघ, मुंबई के पदाधिकारियों, संस्था-प्रधानों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

टॉप करने पर अगले साल की फीस मुफ्त

नवलगढ़ नागरिक संघ मुंबई के ट्रस्टी गोविंद पाटोदिया ने कहा कि जिन विद्यार्थियों को इस बार छात्रवृत्ति मिली है, यदि वे कक्षा में प्रथम आते हैं तो उस विद्यार्थी की अगले वर्ष की पूरी फीस नवलगढ़ नागरिक संघ मुंबई की ओर से प्रदान की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

ये भी रहे मौजूद

समारोह में रामगोपाल गुप्ता, डॉ. सत्येन्द्र सिंह, डॉ. रामावतार सबलानिया, कृष्ण कुमार दायमा, विश्वनाथ जोशी, एडवोकेट श्रीकांत मुरारका, गोविंद पाटोदिया, जे.पी. जांगिड़, महेश मिश्रा, अनिल बिरौलिया, रविशंकर धूत, डॉ. श्रवण कुमार सैनी, रणजीत सिंह शेखावत, मेजर डी.पी. शर्मा, अजय चिरानिया, विजय धूत, प्रमोद पाटोदिया, मनीष पोद्दार, प्रभुदयाल सोमानी, एडवोकेट अश्विनी महर्षि, रणजीत सिंह, गोविन्द मिश्रा, जगदीश जाँगिड, डॉ. राजेश यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पालिका चुनावों को लेकर भाजपा की बैठक

10 साल बाद सत्ता में वापसी के लिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश

नंदलाल गौड़

लोसल (नवयत्न)। आगामी नगर पालिका चुनावों की तैयारियों को लेकर लोसल में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पिछले 10 वर्षों से पालिका बोर्ड की सत्ता से बाहर चल रही भाजपा ने इस बार स्थानीय निकाय में अपना बोर्ड बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। बैठक में धोद विधायक गोरधन वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह करंगा तथा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश बिजारणियां सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। ?बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र और राजस्थान की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया ताकि आम जनता को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस दौरान नेताओं ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरते हुए कहा कि सभी को आपसी मतभेद भुलाकर पूरी एकजुटता और मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरना होगा। विधायक सहित अन्य वक्ताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि पार्टी नेतृत्व जिस भी कार्यकर्ता को टिकट देकर मैदान में उतारे, सभी कार्यकर्ता निष्ठा के साथ दिन-रात मेहनत कर उसे ऐतिहासिक जीत दिलाएं और लोसल नगर पालिका में भाजपा का परचम लहराने का संकल्प पूरा करें। विधायक गोरधन वर्मा ने कहा कि वार्ड के लोगों को पसंद पर उम्मीदवार तय होगा। इस बैठक के बाद एक और भाजपा की बड़ी बैठक होगी।

रन फॉर वोट : घूंघट में निकलीं महिला सफाईकर्मी, बोली- निर्भीक होकर करें मतदान

निसं

मंडावा (नवयत्न)। आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर नगर पालिका के तत्वावधान में शनिवार को 'रन फॉर वोट' जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में नगर पालिका की महिला सफाईकर्मी घूंघट में शामिल हुईं। हाथों में मतदान जागरूकता से जुड़े संदेश लेकर उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए लोगों को निष्पक्ष और निर्भीक मतदान के लिए जागरूक किया। रैली को नगरपालिका ईओ वर्षा चौधरी, जेईएन नितेश कुमार व आनंद सोलंकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली फतेहपुर बस स्टैंड होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होकर नगर पालिका चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। महिला सफाईकर्मियों ने रैली के दौरान नारे लगाते हुए लोगों से मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इसका प्रयोग बिना किसी भय या दबाव के करना चाहिए। नगर पालिका प्रतिनिधियों ने नागरिकों से चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण व्यवहार रखने और चुनावी प्रक्रिया का सम्मान करने का आह्वान किया। साथ ही महिलाओं और वृद्ध मतदाताओं को वोटर लिस्ट एवं मतदान प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग का भरोसा दिलाया। रैली को देखकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह नजर आया। नगर पालिका अधिकारियों ने सभी नागरिकों से समय पर मतदान केंद्र पहुंचकर लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

बुहाना में शिक्षक संघ का अधिवेशन और चुनाव 24 को

मधु दहिया

बुहाना (नवयत्न)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम उपशाखा बुहाना का वार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव 24 अगस्त सोमवार को दोपहर 1:30 बजे अमीचंद आईटीआई बुहाना में होगा। ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अधिवेशन में शिक्षा की वर्तमान स्थिति, संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में वर्तमान समय में शिक्षा की दशा और दिशा पर विचार-विमर्श होगा। इसके बाद संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। अधिवेशन में आगामी सत्र के लिए संगठन की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

लहरिया महोत्सव में महिला अधिवक्ताओं का उल्लास

संजय सोनी

झुंझुनूं (नवयत्न)। जिला अभिभाषक संस्था, झुंझुनूं की महिला अधिवक्ताओं की ओर से शनिवार को स्थानीय राजघराना रिसोर्ट परिसर में लहरिया महोत्सव का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। पारंपरिक राजस्थानी संस्कृति के प्रतीक इस आयोजन में महिला अधिवक्ताओं ने लहरिया परिधान पहनकर सावन उत्सव की रंगत बिखेरी। कार्यक्रम में महिला अधिवक्ताओं ने मेहंदी लगाकर तथा गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेकर सावन के पर्व का आनंद लिया। विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिला अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान पारंपरिक राजस्थानी संस्कृति और सावन की लोक परंपराओं की खूबसूरत झलक देखने को मिली। लहरिया परिधानों में सजी महिला अधिवक्ताओं ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। आयोजन के दौरान गीत-संगीत और मनोरंजक गतिविधियों से परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि लहरिया महोत्सव का उद्देश्य महिला अधिवक्ताओं के बीच आपसी सौहार्द, एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने के साथ राजस्थान की सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना रहा। इस तरह के आयोजनों से व्यस्त न्यायिक कार्यों के बीच महिला अधिवक्ताओं को आपस में मेलजोल बढ़ाने और सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लेने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर महिला कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता किरण बियाला, अधिवक्ता सरोज राठौड़, अधिवक्ता कविता सैनी, अधिवक्ता स्वीटी चौहान एवं अधिवक्ता मंजू कुमारी की विशेष सहभागिता एवं सहयोग रहा। महिला अधिवक्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

जिलास्तरीय टेबल टेनिस व बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

रतनगढ़ (नवयत्न)। श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित जिलास्तरीय टेबल टेनिस व बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के लगभग 150 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। टेबल टेनिस में छात्रों के बाल वर्ग में चूरू विजेता व उपविजेता छापर, किशोर वर्ग में रतनगढ़ विजेता व उपविजेता चूरू, तरूण वर्ग में चूरू विजेता, रतनगढ़ उपविजेता रहे। छात्राओं के बाल वर्ग, किशोर वर्ग व तरूण वर्ग में रतनगढ़ विजेता रहा। बैडमिंटन में छात्रों के बाल वर्ग चूरू विजेता व रतनगढ़ उपविजेता, किशोर वर्ग में तारानगर विजेता व सुजानगढ़ उपविजेता, तरूण वर्ग में रतनगढ़ विजेता व सुजानगढ़ उपविजेता रहे। छात्राओं के बाल वर्ग रतनगढ़ विजेता व चूरू उपविजेता, किशोर वर्ग छापर विजेता व रतनगढ़ उपविजेता व तरूण वर्ग में रतनगढ़ विजेता व उपविजेता छापर रहा। निर्णायक के रूप में नरेन्द्र चौमाल, दामोदर मंगलहारा, प्रकाश माली, हेमन्त चौमाल, विशाल इन्दौरिया, रजत प्रजापत, लोकेन्द्र स्वामी, धैर्य चौमाल, कश्यप शर्मा, आदित्य प्रजापत रहे। प्रधानाचार्य लोकेश कुमार चौमाल ने विजेताओं को बधाई दी व आगे भी अपनी तैयारी अनवरत जारी रखने की सलाह दी। इस अवसर पर अध्यक्ष रामगोपाल मुरारका, महेश शर्मा जिला कार्यालय सचिव, सुनील महर्षि, ताराचन्द्र शर्मा, नागरमल प्रजापत, दिनेश कुमार तिवाड़ी, श्यामलाल प्रजापत, पवन कुमार ठठेरा, श्यामलाल शर्मा, ताराचन्द्र माली, जीवण सिंह, ओंकार सिंह व नरेन्द्र प्रजापत आदि उपस्थित थे।

मतदाता सूची को लेकर सियासी घमासान, विकास मंच ने लगाए 2500 संदिग्ध नाम जोड़ने के आरोप

एसडीएम कार्यालय का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

श्रीराम तिवाड़ी

नोखा (नवयत्न)। नगरपालिका चुनाव की आहट के साथ ही नोखा में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। चुनाव से पहले मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है। विकास मंच ने शहरी क्षेत्र की मतदाता सूची में ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं के नाम कथित रूप से शामिल किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। इसी मुद्दे को लेकर विकास मंच के सुप्रीमो और पूर्व संसदीय सचिव कन्हैया लाल झंवर, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर और कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उपखण्ड कार्यलय में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम प्रिया बजाज के कार्यालय का घेराव किया तथा ज्ञापन सौंपा। विकास मंच का आरोप है कि नोखा नगर पालिका क्षेत्र की मतदाता सूची में ऐसे लोगों के नाम जोड़ने के लिए करीब 2400 से 2500 आवेदन तहसील कार्यालय में जमा करवाए गए हैं, जिनके निवास नगर पालिका नोखा क्षेत्र में नहीं हैं। मंच ने इसे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए प्रशासन से आवेदन पत्रों और मतदाता सूची की गहन जांच कराने की मांग की है।

करीब 2500 नाम जोड़ने के आवेदन का आरोप

विकास मंच की ओर से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, नोखा को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं के नाम शहरी क्षेत्र नोखा की मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए करीब 2,400-2,500 फॉर्म तहसील कार्यालय में जमा किए गए हैं। मंच का दावा है कि इनमें शामिल अनेक लोगों का निवास नगर पालिका नोखा क्षेत्र में नहीं है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि करीब 2,500 मतदाता नामावली में नाम जोड़ने के आवेदन एक साथ जमा किए गए हैं। और इन पर संबंधित बीएलओ की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। विकास मंच ने प्रशासन से इन सभी आवेदनों की मौके पर जांच करवाने तथा नियमानुसार पात्र पाए जाने वाले मतदाताओं के ही नाम मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की है।

सैकड़ों समर्थकों ने किया प्रदर्शन

मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के विरोध में विकास मंच के कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में एकत्र हुए। नारेबाजी करते हुए समर्थकों ने प्रशासन के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। विकास मंच सुप्रीमो एवं पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर के साथ निवर्तमान पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल से पूरे मामले की जानकारी ली।

वार्ड संख्या 25 के नामों को लेकर भी आपत्ति

ज्ञापन में वार्ड संख्या 25 से संबंधित कुछ मतदाताओं के नाम जोड़े जाने को लेकर पूर्व में दिए गए एक आवेदन का भी उल्लेख किया गया है। मंच का कहना है कि उस आवेदन में संबंधित व्यक्तियों के वार्ड संख्या 25 में मकाननिवास होने की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के बावजूद नाम जोड़ने का प्रयास किया गया। विकास मंच ने ऐसे मामलों की भी जांच कराने की मांग की है।

एसडीएम ने जांच का दिया आश्वासन

एसडीएम प्रिया बजाज ने कन्हैयालाल झंवर, नारायण झंवर सहित प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। झंवर ने कथित रूप से गलत तरीके से जोड़े जा रहे नामों से संबंधित सूची और उपलब्ध साक्ष्यों के बारे में प्रशासन को अवगत कराया। विकास मंच की ओर से मांग रखी गई कि जिन आवेदनों में संबंधित मतदाताओं का निवास नोखा नगर पालिका क्षेत्र में नहीं है, उनकी तत्काल जांच कर उन्हें नियमानुसार निरस्त किया जाए तथा अपात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएं। एसडीएम की ओर से पूरे मामले की जांच करवाने और नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने की बात मंच की ओर से कही गई है।

जांच पूरी होने तक नाम जोड़ने की प्रक्रिया रोकने की मांग

ज्ञापन में विकास मंच ने मांग की है कि जब तक संदिग्ध आवेदनों की जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक संबंधित नामों को मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया पर आवश्यक रूप से रोक लगाई जाए। मंच ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल होने से चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है, इसलिए प्रत्येक आवेदन की नियमानुसार जांच जरूरी है। कन्हैयालाल झंवर ने ज्ञापन में चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो विकास मंच लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन व्यवस्था सुनिश्चित करना मंच की प्रमुख मांग है।

चुनाव से पहले बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

नोखा नगरपालिका चुनाव को लेकर पहले से ही राजनीतिक हलचल तेज है। विभिन्न राजनीतिक दलों और स्थानीय संगठनों की ओर से संभावित प्रत्याशियों को लेकर संपर्क और गतिविधियां बढ़ रही हैं। ऐसे में मतदाता सूची को लेकर सामने आया विवाद चुनावी माहौल को और गरमा सकता है। हालांकि, मतदाता सूची में कथित रूप से जोड़े गए नामों को लेकर लगाए गए आरोपों की वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। अब निगाहें प्रशासन की जांच और आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि जांच में अनियमितता सामने आती है तो मतदाता सूची में नियमानुसार संशोधन की कार्रवाई हो सकती है, वहीं पात्र मतदाताओं के नामों को नियमानुसार शामिल किए जाने की प्रक्रिया भी जारी रहेगी। विकास मंच ने प्रशासन से पूरे मामले में शीघ्र जांच कर निष्पक्ष निर्णय लेने तथा आगामी नगर निकाय चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की मांग की है।

इनका कहना है

निर्वाचन शाखा में इस तरह के कोई प्रपत्र नहीं आये है। और ना ही कोई बाहरी लोगों के नाम जोड़ने संबंधित कोई कार्य हुआ है। प्रिया बजाज, उपखण्ड अधिकारी, नोखा

सुनीता पटवारी बनी महिला वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष

सपना शर्मा

सीकर (नवयत्न)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला जिला इकाई सीकर में संगठन विस्तार एवं कार्यकारिणी के सुदृढ़ीकरण का क्रम जारी है। सीकर महिला जिलाध्यक्ष मेघा अग्रवाल (पटवारी) के नेतृत्व में महिला संगठन को मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सुनीता पटवारी को महिला वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश नेतृत्व की सहमति एवं मार्गदर्शन में की गई है। महिला जिलाध्यक्ष मेघा अग्रवाल ने नवनियुक्त पदाधिकारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सक्रिय एवं योग्य महिलाओं को संगठन में दायित्व सौंपने का क्रम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी से महिला संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यों को नई गति मिलेगी। सुनीता पटवारी को जिला चेयरपर्सन किरण खेतान, जिला महामंत्री मधु सिहोटिया, जिला कोषाध्यक्ष सोनू पोद्दार, जिला उपाध्यक्ष किरण चिरानिया, स्नेहा खेतान, जिला चेयरमैन अमित चिरानिया, जिलाध्यक्ष अनिल तोदी, जिला उपाध्यक्ष सज्जन अग्रवाल, जिला महामंत्री मणि शंकर खेतान, रोहन अग्रवाल, कमल पटवारी, हेमंत अग्रवाल, नवरंग लाल अग्रवाल सहित समाज के अनेक गणमान्यजनों एवं महिला पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

ट्रक-टेलर की आमने-सामने की भिड़ंत में एक की मौत

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। राजलदेसर-परसनेऊ मार्ग पर शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रक और ट्रेलर की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। थाना प्रभारी बेगाराम मीणा ने बताया कि ट्रक बीकानेर की ओर जा रहा था, जबकि ट्रेलर बीकानेर की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से दोनों वाहनों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक सुनील लोधी पुत्र रायसिंह लोधी, निवासी ग्वालियर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए यातायात को सुचारू करवाया। पुलिस ने क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सड़क से हटाकर साइड में रखवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। मृतक का शव फिलहाल राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस द्वारा मामले की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने व्यापारियों से की अच्छे कैमरे लगाने की अपील

अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। पुलिस अधिकारियों ने स्वर्णकार समाज के व्यापारियों से स्थानीय चुंगी नाके के पास स्थित सोनी धर्मशाला में संवाद किया है। कार्यक्रम में डीएसपी अनुज शुभम, सीआई मुकेशचंद, हंसराज सोनी, सहदेव सोनी, अरविंद सोनी मंचस्थ रहे। अधिकारियों के स्वागत के बाद व्यापारियों से सीआई मुकेशचंद ने सीधा संवाद करते हुए कहा कि चोरियों की घटनाओं को पकड़ने में सीसीटीवी काफी मददगार साबित होते हैं, इसलिए सीसीटीवी अच्छी क्वालिटी के लगवायें और अच्छा बैक अप होने का ध्यान रखे। वहीं व्यापारियों से बैठक में सुझाव भी लिए गए। इस अवसर पर मदन सोनी ने कहा कि नया बाजार चौक को गश्त पोईंट को शामिल किया जावे। वहीं साईं बाबा मंदिर की ओर बढ़ते नशे पर कुछ व्यापारियों ने चिंता जाहिर की, तो सीआई ने बताया कि उस साईड में पुलिस पहले से ही नशे के विरूद्ध अभियान के तौर पर काम कर रही है। दूसरी ओर सीआई ने कहा कि अपने बच्चों का ध्यान रखें, कि वो बिना काम रात को घर से बाहर तो नहीं निकल रहे हैं। इस अवसर पर पवन मौसूण, अशोक सोनालिया, महेश कुलथिया, बलराम सोनी, कन्हैयालाल मायछ, ओमप्रकाश जोड़ा, श्रीराम भामा, आशीष मौसूण, महेश भामा, राजेन्द्र भामा, गोपाल कठातला, मदन भामा, सुनील सोनी आदि मौजूद रहे।

रेलवे ट्रेक के पास मिला युवक का शव



अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। शुक्रवार रात्रि को छापर रेलवे ट्रेक के पास एक युवक का शव मिला है। कोतवाली पुलिस को दी गई रिपोर्ट में मृतक के पिता मांगु सिंह राजपूत निवासी गांव मिंगणा, हाल सरकारी अस्पताल के पीछे सुजानगढ़ ने बताया है कि मेरा लड़का राजेन्द्र सिंह जो 21 अगस्त की रात करीब 10 बजे घर से 10 मिनट का कहकर गया था। रात को 11 बजे हमें सूचना मिली की आपके लड़के राजेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई है। जिसकी डैड बॉडी सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में है। जिस पर हम परिवारजन सरकारी अस्पताल आकर देखा तो उक्त लाश मेरे पुत्र राजेन्द्र सिंह की ही थी और उसकी लाश का सिर कटा हुआ था। हाथ भी कटे हुये थे तथा शरीर पर कांटे लगे हुये थे। पूछने पर बताया कि राजेन्द्र सिंह की लाश सुजानगढ़ छापर रोड रेलवे फाटक से अगुणी तरफ जोधपुर से दिल्ली जाने वाली ट्रैन के आगे आने के कारण खम्भा नं 368/22 पर मिली थी। अत: रिपोर्ट पेश कर निवेदन है कि नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें। पुलिस ने मर्ग दर्ज की है, मामले की जांच सीआई मुकेश कुमार कर रहे हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

यातायात जागरूकता अभियान : वाहन चालकों को बताए सुरक्षित सफर के तरीके

निसं

जयपुर (नवयत्न)। यातायात पुलिस जयपुर की ओर से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रामबाग सर्किल पर विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। जैन सोशल कैपिटल ग्रुप के सहयोग से आयोजित अभियान में वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के लिए जरूरी सावधानियों की जानकारी दी गई। इस अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात दक्षिण एवं नोडल अधिकारी कालिका पेट्रोलिंग यूनिट सुनीता मीना ने पुलिस अधिकारियों और जैन सोशल कैपिटल ग्रुप के सदस्यों के साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना के लिए

समझाइश की। वाहन चालकों को बताया गया कि यातायात नियम केवल कानूनी बाध्यता नहीं हैं, बल्कि सड़क पर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। इस जागरूकता अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालकों को मानक हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की समझाइश दी गई। वहीं चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा वाहन चालकों को रेड लाइट का उल्लंघन नहीं करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी गई। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षित ड्राइविंग को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए यातायात नियमों की नियमित पालना का आह्वान किया।

उड़ान 2026 में नई प्रतिभाओं ने दिखाई प्रतिभा : यशस्वी-मुस्कान बनी मिस फ्रेशर्स

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी जयपुर में नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स कार्यक्रम उड़ान 2026 बिगिनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मिस फ्रेशर्स कॉन्टेस्ट रहा। यूजी वर्ग में यशस्वी कड़वासरा और पीजी वर्ग में मुस्कान शर्मा को मिस फ्रेशर चुना गया। परिचय और फाइनल राउंड में प्रतिभागियों ने व्यक्तित्व और प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. टी.एन. माथुर ने नवागंतुक विद्यार्थियों का

स्वागत करते हुए उन्हें शिक्षा के साथ रचनात्मक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जीवन विद्यार्थियों को प्रतिभा पहचानने और सपनों को नई दिशा देने का अवसर देता है। समारोह में थिरक लोकनृत्य, समूहगान, बॉलीवुड, स्किट, सेमी-क्लासिकल, वेस्टर्न, डुएट और फ्यूजन डांस की प्रस्तुतियों ने दर्शकों की तालियां बटोरीं। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के साथ विश्वविद्यालय जीवन की सकारात्मक शुरुआत कराई।

वार्ड की मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप

अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। नगरपरिषद चुनावों की आचार संहिता लगी हुई है। इसी दौरान वार्ड 60 की मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस नेता धनराज रणवा ने सुजानगढ़ उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच की मांग की है। रणवा का कहना है कि संबंधित बीएलओ ने वार्ड 59 के 400 वोट गलत तरीके से जोड़ दिए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि वार्ड 60 की मतदाता सूची में कई मतदाताओं के नामों को लेकर आपत्ति है। संबंधित बीएलओ की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए मतदाता सूची का नियमानुसार पुन: सत्यापन करवाने की मांग की गई। रणवा ने नगरपरिषद चुनाव की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

अभातेयूप राष्ट्रीय सहमंत्री द्वितीय लूनिया का किया स्वागत

श्रीराम तिवाड़ी

नोखा (नवयत्न)। जोरावरपुरा तेरापन्थ युवक परिषद में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में परिषद् सार संभाल यात्रा के अंतर्गत राष्ट्रीय सहमंत्री द्वितीय अंकुर लूनिया, नॉर्थ जोनल इंचार्ज जीतेश पोखरना, आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर के राष्ट्रीय प्रभारी पीयूष लूनिया, शाखा प्रभारी ललित राखेचा, थली यात्रा संयोजक विजेंद्र छाजेड़, अभातेयूप सदस्य पारस बैद आदि सभी का जोरावरपुरा तेरापन्थ युवक परिषद सदस्य द्वारा तेरापंथ भवन में स्वागत ओर दुप्पटा से अभिनंदन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सहमंत्री द्वितीय अंकुर लूनिया ने जोरावरपुरा परिषद् के द्वारा की गई सारी गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

लूनिया ने अभातेयूप के द्वारा संचालित किए जा रहे विभिन्न आयामों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हम अपने खुद पर गौरव होना चाहिए कि हमने जैन कुल में जन्म लेकर तेरापंथ धर्मसंघ को पाया है। तेरापंथ धर्मसंघ में अभातेयूप द्वारा बहुत ऐसे आयामों का नियोजन किया है। जिसमें एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति की सहायता की जाती है। लूनिया ने कहा कि अभी नेत्रदान पखवाड़ा चला रहे तो हम सभी युवा शक्ति को जागृत होना है। कि लोगों में अधिक से अधिक संख्या में नेत्रदान के बारे में जानकारी दे ताकि उनकी मृत्यु में पश्चात भी उनके दिया गया नेत्रदान किसी दो व्यक्ति की दुनिया रोशना कर सकता है। नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत जीवन का अमूल्य वरदान-नेत्रहीन को नेत्रदान बैनर का अनावरण किया गया। एटीडीसी राष्ट्रीय प्रभारी पीयूष लूनिया के कहा कि जोरावरपुरा में भी एक एटीडीसी का सर्जन हो यहां भी एक एटीडीसी खुले सभी तरह की चिकित्सा जांच हो ओर जोरावरपुरा में रहने वाले स्थानीय लोगों की इसकी सुविधा मिले । एमबीडीडी के शाखा प्रभारी विजेंद्र छाजेड़ ने कहा कि आगामी 17 सितम्बर से 23 सितंबर को रक्तदान शिविर सप्ताह का आयोजन होने जा रहा है जिसमे परिषद् शिविर लगा, ओर अधिक से अधिक रक्तदाता तैयार करें। आपका दिया हुआ रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है । जीतेश जी पोखरना ने भी अभातेयूप द्वारा दिए गए आयामों को स्थानीय परिषद् को सुव्यवस्थित ढंग से करने की प्रेरणा दी। शाखा प्रभारी में भी परिषद् से कहा कि सही समय का नियोजन करे और संघ ओर संघपति के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा से कार्य करे। संघ के प्रति दिया हुआ समय कभी व्यर्थ नहीं जाता। जोरावरपुरा परिषद् के अध्यक्ष राजेश छाजेड़ ओर मंत्री अरिहंत बुच्चा ने सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। सुरेंद्र कुमार बुच्चा ने पधारे सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और आध्यात्मिक मंगल कामना की। स्थानीय परिषद् के सदस्य विरेंद्र बुच्चा, संदीप बुच्चा, मनीष बुच्चा, कमल बुच्चा, कन्हैयालाल बुच्चा, सुनील मरोठी, शिवम पारख, मनीष पारख, पवन बैद, मोहित सुराणा, नीरज महेनोत, निलेश बुच्चा आदि सभी की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय रही।

पांच सौ से अधिक कन्याएं निकालेगी कावड़-कलश यात्रा : रंगेश्वर महादेव का करेगी जलाभिषेक

निसं

जयपुर (नवयत्न)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से प्रेरित होकर श्री रंगेश्वर महादेव सेवा समिति की ओर से रविवार को विशाल कन्या कावड़-कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में 500 से अधिक कन्याएं शामिल होंगी। कन्याएं गलता तीर्थ से पवित्र जल कावड़ में लेकर बारह भाइयों का चौराहा, नाहरगढ़ रोड स्थित श्री रंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगी और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगी। समिति की आयोजक गुंजन वशिष्ठ ने बताया कि कावड़-कलश यात्रा सुबह 7 बजे गलता गेट से रवाना होगी। कन्याएं गलता तीर्थ से पवित्र जल लेकर यात्रा में शामिल होंगी। यात्रा गलता गेट से सूरजपोल, रामगंज, त्रिपोलिया, जयलालमुंशी का रास्ता और नाहरगढ़ थाना होते हुए बारह भाइयों का चौराहा पहुंचेगी। यहां से यात्रा श्री रंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां पवित्र जल से बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार आयोजन का उद्देश्य बेटियों के सम्मान और उनके प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। कावड़-कलश यात्रा का आयोजन श्री रंगेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190